जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शुक्रवार 20 दिसम्बर, 2024



## विचार बिन्दु

क्रोध यमराज है। –चाणक्य

# संसद में भारत के संविधान पर भारी हंगामे के साथ चर्चा हो चुकी है, आईये, हम भारत के नागरिक भी इसी विषय पर चर्चा करें

संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर 2 दिन की चर्चा (बहस) सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच शोरगुल व हंगामें के साथ हुई। कुछ समय पहले कुछ राज्यों में चुनाव हुये थे। चुनाव के समय कांग्रेस व उसकी सहभागी अन्य राजनीतिक पार्टियों ने बीजेपी पर आरोप लगाया था कि यह पार्टी संविधान को खत्म करने पर आमादा है। संविधान के विरूद्ध इस पार्टी का व्यवहार अलोकतांत्रिक है पिछले दस वर्षों में राजनीतिक ओहदेदारों ने लोकतंत्र को क्रमिक तरीके से नुकसान पहुंचाया है। जब चुनाव में पूरा विपक्ष जाति जनगणना की बात करता है तो पीएम मोदी कह रहे थे कि विपक्ष वाले आपकी भैंस चुरा लेंगे, मंगल सूत्र चुरा लेंगे देश के किसानों को भगवान भरोसे छोड दिया है। एक अदाणी को बचाने के हेतु 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। बंदरगाह, एयरपोर्ट, सडकें, रेल्वे का काम, खदानें, सरकारी कम्पनियां केवल एक व्यक्ति को दी जा रही हैं। अन्य अरोप भी कई हैं, किन्तु इनसे मिले जुले हैं।

सत्ता पक्ष की ओर से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस सम्बन्ध में बहस प्रारम्भ की और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी बाड्रा ने उपरोक्त आरोपों पर प्रकाश डाला।

सभी वक्ताओं ने यह तो माना कि भारत का संविधान बहुत अच्छा है। भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और उसमें सब परिस्थितियों के लिये लोकतंत्र को प्रभावी बनाने के प्रावधान हैं। बीजेपी का आरोप था कि कांग्रेस राज में संविधान में कई संशोधन किये गये। जिनमें पहला संशोधन व्यक्ति के मौलिक अधिकार को खण्डित करने वाला था और कुछ सत्ता पक्ष की राजनीतिक पार्टियों के हित में थे। कांग्रेस का बीजेपी पर आक्रमण इस आधार पर था कि वह वर्तमान संविधान के स्थान पर नया संविधान लाना चाहती है तथा आरक्षण को समाप्त करने का इरादा रखती है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के आरोपों में कितना सच व झूठ है इसे जनता समझ गई है।

लगभग यही चर्चा राज्य सभा में भी हुई है। इस लेख का उद्देश्य केवल इतना ही है कि एक प्रगतिशील, लोकतांत्रिक, लोगों को मौलिक अधिकार देने वाला, स्वतंत्र न्यायपालिका का प्रणेता और जन–जन की आशाओं का पल्लवित करने वाले संविधान का क्रियान्वय किसी भी राजनीतिक पार्टी ने जब वह शासन में रही सही रूप से नहीं किया। देश को प्रगति के स्थान पर पिछड़ा कर दिया। यानी सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही दोषी हैं।

अनुच्छेद 35ए (35क) वस्तुत: संविधान का भाग ही नहीं है। इसे राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र बाबू के आदेश (Order) से सन् 1954 में जोड़ा जाना बतलाया था, जबकि संविधान में संशोधन केवल अनुच्छेद 368 में दी गई प्रक्रिया ही से किया जा सकता है। भारतीय संविधान की प्रमाणिक कॉपी में इसे नहीं जोड़ा गया है। आप संविधान की पुस्तक उठाकर देख लें आपको यह प्रावधान नहीं मिलेगा। अनुच्छेद 35क से जम्मू–कश्मीर की विधायिका को राज्य के स्थायी निवासियों को विशेष अधिकार दिये थे। इसके अनुसार अन्य राज्यों के निवासियों को काम करने या सम्पत्ति के स्वामित्व की अनुमति नहीं थी। यह देश के नागरिकों में भेदभाव पैदा करने वाला था और इसी के कारण जम्मू–कश्मीर के निवासी भारत के अन्य भाग से जुड़ना नहीं चाहते थे जबकि जम्मू व कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, यहां तक की जम्मू–कश्मीर के संविधान में भी इसे भारत का अभिन्न अंग माना था। जम्मू–कश्मीर के महाराजा ने भी विलय पत्र में अपने जम्मू–कश्मीर को यथावत भारत के अभिन्न अंग होने हेतु देने को स्वीकार किया है, जिस पर किसी का ध्यान हीं नहीं गया। अब 35क को व अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया है। कुछ राजनीतिक पार्टियां कहती हैं हम 35क व 370 को पुन: लेकर आयेंगे, यह मिथ्या प्रमाद है। असम्भव घटना है। बिना अनुच्छेद 368 की प्रक्रिया अपनाये संविधान में कोई भी संशोधन नहीं हो सकता।

संविधान जो 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ उस समय अनुच्छेद 45 में यह लिखा था कि राज्य 14 वर्ष तक के सभी बालकों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का उपबन्ध संविधान लागू होने के 10 वर्ष में करेगा। इस प्रावधान की अवज्ञा की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि हमारे विधायक, सांसद व विधायक हमें ऐसे भी मिलते रहे हैं जो पढ़े–लिखे नहीं थे। अनुच्छेद 45 में उस समय, समय की सीमा 10 वर्ष तक की थी। इसका अर्थ था कि वह अनुच्छेद 37 से प्रभावित नहीं था। यह प्रावधान Sun Set Laws के अनुरूप था। किन्तु संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम 2002 से इसे संशोधित कर दिया गया और इसके स्थान पर नया 45 अनुच्छेद लाया गया जिसमें 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिये राज्यों को अनुरोध किया कि वे उन बालकों की प्रारम्भिक बाल्यावस्था देख–रेख और शिक्षा देने के लिए उपबंध करने का प्रयास करेगा। यह संशोधन अधिनियम दिनांक 1.4.2010 से लागू हुआ। साथ ही अनुच्छेद 21 के साथ अनुच्छेद 21क दिनांक 1.4.2010 से जोड़ा गया। यहां यह लिखना समीचीन होगा कि अनुच्छेद 21 जो सुप्रीम कोर्ट के अनुसार शिक्षा का मौलिक अधिकार सभी आयु वाले बालकों को भी देता है, उसे 21क के अनुसार शिक्षा के मौलिक अधिकार से 6 वर्ष तक के बालकों से छीन लिया और इसे 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बालकों तक सीमित कर दिया। ओरिजनल प्रावधान अनुच्छेद 45 जिस रूप में था, वह संविधन का मूल ढांचा (Basic Featurek) था अत: संशोधीत प्रावधान 45 व अनुच्छेद 21क अवैध है। यानी देश के करोड़ों बालकों का नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार छीन लिया गया। राज्यों ने राइट टू एजूकेशन एक्ट 2009 में इसे और भी दयनीय कर दिया। प्राइवेट स्कूलों में केवल 25 प्रतिशत तक ही गरीब व पिछड़े बच्चों को दाखिला मिलता है वह भी कठिनाई से। राज्य के स्कूलों में कोई व्यवस्था नहीं है। 26.1.1950 के संविधान के अनुसार 14 वर्ष के बालकों के लिये शिक्षा नि:शुल्क व अनिवाय थी वहां आज बच्चों से उनका मौलिक अधिकार छीन लिया गया है। ध्यान रहे स्कूलों में 3 से 6 वर्ष के बालकों के लिये बालवाडी में पढ़ते हैं। प्राइवेट में बालवाडी की फीस बहुत है, गरीब का बच्चा वहां जाने की हिम्मत भी नहीं कर सकता। इसका यह असर है कि गरीब का बच्चा 6 वर्ष का होने पर जब पहली कक्षा में जाते हैं तो रंगो की पहिचान, अक्षर ज्ञान व गिनती तक समझ लेते हैं।

> **भारतीय संविधान 44 में व्यवस्था है कि राज्य भारत के सभी राज्य क्षेत्रों में नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। इस अनुच्छेद के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू होना चाहिये। यह प्रावधान गम्भीर व बहस के बाद पारित हुआ था। इसका विरोध अब नहीं हो सकता। इस पर चर्चा होनी चाहिये थी; किन्तु किसी भी सांसद ने इस ओर इशारा तक नहीं किया।**

अनिवार्य शिक्षा केवल 'जुमल' है। बच्चे शहर के चौराहों पर भीख मांगते नजर आयेंगे। राज्य का दायित्व है कि वे ऐसे बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था करे।

संसद में आरक्षण की बहुत चर्चा हुई। यहां लेखक पाठकों का ध्यान अनुच्छेद 334 में उल्लेख है कि लोकसभा में और राज्यों की विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों का आरक्षण है तथा स्पष्ट किया गया है कि इस संविधान के उपबन्ध इस संविधान के प्रारम्भ से दस वर्ष की अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेंगे।

इस प्रावधान में प्रत्येक 10 साल में संशोधन कर उसे 10 वर्ष बढ़ा दिया गया है। संविधान 104 संशोधन अधिनियम 2019 से इसमें 70 वर्ष के स्थानों पर 80 किया गया है। ये सभी संशोधन Sun Set Laws के अनुसार थे। प्रावधान के अनुसार ये समय सीमा 10 वर्ष के पश्चात स्वत: ही समाप्त हो चुकी थी। उन्हें संशोधन कर बढ़ाना सर्वथा अवैध है। इस प्रावधान में स्पष्ट इंगित किया है कि उपबन्ध इस संविधान के प्रारम्भ से दस साल की अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेंगे। यानी स्वत: ही समाप्त होने वाला प्रावधान है यानी यह उपबन्ध Basic Feature था, जिसमें संशोधन सम्भव नहीं है।

ऑरिजनल उपबन्ध के कारण विधानसभा व संसद की सीट का आरक्षण एसटी एससी के हेतु केवल 10 वर्ष का था अब जनरल उम्मीदवार का चुनाव लड़ने का अधिकार समाप्त होता जा रहा है। गत 64 वर्षों से जनरल सीट होने के उपरान्त भी इस सीट पर चुनाव में खडे होने वालों का अधिकार समाप्त कर दिया गया है। कांग्रेस व बीजेपी दोनों ही सरकारों ने यह सीमा अपने–2 शासन के काल में बढ़ाई है।

संविधान के अनुच्छेद 327 में लोकसभा तथा विधान सभाओं के चुनाव के हेतु कानून बनाने का अधिकार संसद को दिया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 चुनाव का कानून है जिसे संसद ने बनाया है। संसद और विधान सभाओं कानून बनाती हैं, अत: यह आवश्यक है कि पढ़ा लिखा व्यक्ति ही सांसद व विधायक होना चाहिये। संविधान के निर्माता जानते थे कि देश अधिकांश लोग पढ़े–लिखे नहीं हैं अत: अनुच्छेद 45 में व्यवस्था की कि प्रत्येक व्यक्ति आठवीं कक्षा तक का ज्ञान प्राप्त करे और शिक्षा को अनिवार्य व नि:शुल्क 10 वर्ष तक के लिये किया जैसा ऊपर लिखा है; किन्तु आज तक इस पर प्रभावी रूप से कार्य नहीं हुआ। चुनाव कानून है; किन्तु चुनाव में खड़े होने वाले व्यक्ति के लिये शिक्षा के बाबत को उपबन्ध नहीं है। अत: कानून बनाते समय पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और सही कानून नहीं बन पाते। यह विषय था जिस पर चर्चा होनी चाहिये थी, किन्तु चर्चा केवल सत्ता पक्ष व विपक्ष का एक दूसरे पर दोषारोपण तक ही सीमित थी।

संविधान में अनुच्छेद 51क में नागरिकों के मूल कर्त्तव्य दिये हैं। प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह इन कर्त्तव्यों की पूर्ण पालना करें। अनुच्छेद 51क का सबक्लॉज (झ) कहता है कि प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे और (छ) प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा करता है कि वह प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखे। इनकी पालना कराई जावे तो आज हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ आदि की घटनायें ही न हों। सरकार चुनाव कानूनों में ऐसे व्यक्तियों को जो कर्त्तवयों की अवहेलना करते पाये गये हैं उन्हें चुनाव लड़ने से Disqualify (अयोग्य) घोषित किया जावे।

भारतीय संविधान 44 में व्यवस्था है कि राज्य भारत के सभी राज्य क्षेत्रों में नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। इस अनुच्छेद के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू होना चाहिये। यह प्रावधान गम्भीर व बहस के बाद पारित हुआ था। इसका विरोध अब नहीं हो सकता। इस पर चर्चा होनी चाहिये थी; किन्तु किसी भी सांसद ने इस ओर इशारा तक नहीं किया। अनुच्छेद 44 राज्य की नीति के निदेशन तत्व का एक आवश्यक भाग है जिसके द्वारा संविधान के रचनाकारों ने अपेक्षा की थी कि देश की सरकार देश की एकता के लिये इसे लागू करेगी। इसे लागू करने के बाबत नीति आयोग कई बार कह चुका है।

अनुच्छेद 47 शराबबंदी के सम्बन्ध में है। गुजरात व बिहार के अलावा शराबबंदी नहीं है। शराबबंदी गांधीजी का सपना था। गांधीजी ने कहा था कि यदि कोई मुझे शासक बनादे तो मेरा पहला कार्य शराबबंदी होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्टरूप से कहा है कि देश कल्याणकारी राज्य है, और कल्याणकारी राज्य शराब की आय से नहीं चलाया जा सकता। जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड नहीं हो सकता। शराब के ठेकों के बाबत केजरीवाल के विरूद्ध फौजदारी केस चला रहा है, जहां उनका कहना है कि राज्य की आय बढ़ाने के हेतु ठेका दिया गया था। जबकि यह कथन अलोकतांत्रिक है Moral Values के विरूद्ध है।

भारतीय संविधान 42वें संशोधन से राजीव गांधी के समय संविधान में वर्ष 1993 में 74वें संशोधन के द्वारा भाग–IX व भाग–X जोडे थे। भाग–IX पंचायतों से सम्बन्धित है और भाग–X नगरपालिकाओं से। सन् 1993 से ये जोडे गये थे। इसके अनुसार नगरपालिका को यह कहकर परिभाषित किया गया था कि नगरपालिका स्वायत्त शासन की संस्था है। जबकि उस समय नगरपालिकायें म्युनिसिपिलीटिज एक्ट के तहत Body Corporate कही जाती थी। राजस्थान में पुराना कानून लगाू है, उसी के तहत टैक्स वसूल किया जाता है जबकि संविधान के अनुच्छेद 243 (W)स के अनुसार केवल वही अधिकार दिये जा सकते हैं जो राज्य की विधायिका उस विषयों के बाबत बना सकती हैं जो 12वीं अनुसूची (अनुच्छेद 343 W) से सम्बन्ध रखते हैं। राजस्थान म्युनिसिपिलीटिज अधिनियम 2009 रिपील हो चुका है अत: जयपुर नगर निगम, जयपुर का अस्तित्व ही वैध नहीं है।

फ्रीबीज मतदाता के लिये प्रलोभन है अत: जो पार्टी फ्रीबीज की घोषणा करती है व देती है, उसके टिकिट पर चुनाव लड़ने वाले को Disqualify (अयोग्य) घोषित किया जावे अथवा चुनाव याचिका दायर कर चुनाव को अवैध करार दिलाया जावे।

उपरोक्त सभी विषयों पर चर्चा होनी चाहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# टकराव टालने में कामयाब रहे भजनलाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कोई टकराव पैदा नहीं किया और न ही टकराव पैदा करने वाले के झाँसे में आये। कम अनुभवी नेता को मुख्यमंत्री बनाने का केन्द्रीय आलाकमान का फ़ैसला कामयाब रहा और हाल फिलहाल कोई चुनौती भी नहीं दिखती। कई बड़े नेताओं की नाराज़गी की बातें भी तब हवा हो गई जब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने भजनलाल सरकार के काम काज की खुलकर तारीफ़ की।

भाजपा के पिछले मुख्यमंत्रियों की बात करें तो उन्हें टकराव से कोई भय नहीं था तथा कई बार आलाकमान को भी आँखें दिखाने से नहीं चूके। सत्ता और संगठन में भी टकराव पैदा होता रहा और पार्टी के कई विधायक भी आमने–सामने आते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री भैरौसिह के सामने संगठन के लोगों ने तब ख़तरा पैदा कर दिया था जब वह बीमार थे। इसी तरह श्रीमती राजे की भी पार्टी कई नेताओं के साथ अदावत चलती रही तथा विभिन्न समाजों के नेता भी टकराव पैदा करते रहे। इधर किरोड़ी लाल मीणा ज़रूर कई मुद्दों को लेकर सरकार के सामने चुनौती पैदा कर रहें हैं लेकिन उनसे भी भजनलाल टकराव टालते रहे हैं ।

केंद्र के आशीर्वाद के कारण नेताओं में दम्भ आना स्वाभाविक है लेकिन यह भी भजनलाल में अभी दिखाई नहीं दिया । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे भरतपुर के जगन्नाथ पहाडिया को आलाकमान का पूरा आशीर्वाद था लेकिन अपने स्वभाव के कारण वह कवियित्री महादेवी के लेखन की आलोचना कर बैठे तथा टकराव को नहीं टालने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी से हाथ धोना पड़ा था ।



**भजनलाल शर्मा**
**मुख्यमंत्री राजस्थान**

कांग्रेस–भाजपा सभी मुख्यमंत्रियों को टकराव के कारण परेशानी उठानी पड़ी लेकिन भजनलाल इससे बचने में माहिर साबित हए। उप चुनाव में पार्टी को हरवा कर मुख्यमंत्री की कुर्सी को हिलाने के प्रयास के भी कई उदाहरण हैं लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल इस खेल को भी जीतने में कामयाब रहे तथा लोकसभा चुनाव में खाये झटके से सचेत होकर सात सीटों पर हुए उपचुनाव में पाँच पर जीत दर्ज कर ली।

यह माना जा रहा है कि भजनलाल पार्टी के एजेंडे पर काम करेंगे लिहाज़ा उन्हें अलग से दिशा निर्देश की ज़रूरत नहीं रहेगी। इससे पहले भाजपा मुख्यमंत्रियों को अपनी तरह से चलाना केन्द्रीय आलाकमान के बस में नहीं था। हालाँकि पार्टी की विचारधारा से सरकार को चलाने का कौशल भजनलाल को दिखाना होगा जिसमें विभिन्न समाज और धर्म से टकराये बिना सरकार काम करती रहे। राजस्थान राइजिंग की सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री को न सिर्फ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया बल्कि प्रदेश के नेता भी इससे पीछे नहीं रहे । लेकिन इसके आगे की सफलता की कहानी भी भजनलाल को लिखनी होगी। हर बार निवेशक आते रहे हैं लेकिन हक़ीक़त बदलने के प्रयास बहुत कम हुए हैं। राज्य में रोज़गार के अवसर पैदा होने के साथ पर्यावरण को नुक़सान नहीं पहुँचाने वाले उद्योगों की स्थापना के साथ कचरे को उपयोगी बनाने वाले संस्थान खड़े करना एक बड़ी चुनौती है उनके सामने।

पिछली कांग्रेस सरकार में नौकरियों में भ्रष्टाचार को बहुत बड़ा मुद्दा बनाने वाले भजनलाल इसमें राजनीतिक गठजोड़ को ख़त्म कर पायेंगे या प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही तक सीमित रह जायेंगे यह भी देखना होगा। फ़िलहाल भजनलाल पर्ची की सरकार के आरोपों से निकलकर आगे बढ़ने की दिशा में चल पड़े हैं जिन पर अभी तक किसी का पक्षधर बनने या जानबूझकर टकराव लेने के कोई आरोप नहीं हैं ।

**–सुरेश पारीक,**
**वरिष्ठ पत्रकार, जयपुर**

# कितना उचित है धार्मिक आराध्यों का उपहास?



**श्याम सिंह 'पंवार'**

भारत की व्यवस्था का संचालन भले ही संवैधानिक है लेकिन धार्मिकता का भी अपना एक अनूठा स्थान है क्योंकि संविधान ने किसी भी नागरिक को किसी भी धर्म की आस्था अथवा उनके आराध्यों के साथ खिलवाड़ अथवा उनका उपहास उडाने की अनुमति कतई नहीं देता है। बावजूद इसके कानपुर शहर के कुछ प्रतिष्ठानों में ऐसे नजारे प्रकाश में आये हैं जिनको देखकर आश्चर्य हुआ कि अपने प्रतिष्ठानों में गलियारों एवं सीढ़ियों को गंदगी से बचाने के लिये धार्मिक चित्रों को स्थापित करवा दिया गया है। खास पहलू यह है कि प्रतिष्ठानों के मालिकों की नजर में ऐसा कृत्य किसी भी नजरिये से अनुचित नहीं है जबकि सनातन ही नहीं अपितु हर धर्म के आस्थावान लोगों के नजरिये से ऐसा कृत्य उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ है। उनका मानना है कि ऐसा करने वाले लोगों ने यह कृत्य अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझ कर किया है क्योंकि बड़े–बड़े प्रतिष्ठान चलाने वाले ये लोग, अनपढ़ अथवा नासमझ नहीं बल्कि उच्च शिक्षित व विधिक जानकारी रखने वाले लोग हैं। बिगत दिनों एक मामला कानपुर शहर के स्वरूपनगर में प्रकाश में आया, जहाँ मोतीझील मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित नादरी कार्नर मार्केट में हिन्दू धर्म के देवी–देवताओं के चित्रों को उन स्थानों पर स्थापित किया गया था, जिन स्थानों पर लोग मौका पाते ही पान–तम्बाकू की 'पीक' थूक देते थे। ऐसे में गन्दगी होना स्वाभाविक सी बात है लेकिन खेदजनक नजारा यह रहा कि उन स्थानों पर लोग न थूकें, इसलिये हिन्दू धर्म के देवी–देवताओं के चित्रों को स्थापित करवा दिया गया था!!

मामला प्रकाश में आया और शहर के कई समाचारपत्रों ने इस मामले को आमजन में प्रसारित किया। इस बारे में जनप्रतिनिधियों की राय भी मांगी तो उन्होंने अपनी–अपनी घिसी–पिटी बयानवाजी देकर औपचारिकता निभा दी। लेकिन, कई समाचारपत्रों में खबर प्रकाशित होने पर परिणाम यह हुआ कि नादरी कार्नर मार्केट से देवी–देवताओं के चित्रों को हटा दिया गया और मामले को रफा–दफा कर दिया गया। अब नया मामला सिविल लाइंस स्थित लीलामणि अस्पताल से प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक, मरीजों और तीमारदारों के आवागमन के लिए बने रैम्प के आसपास की दीवारों को गंदगी से बचाने के लिए अनेक धर्मों के आराध्यों के चित्रों के टाइल्स लगाये गए हैं। ऐसा पता चला है कि यहाँ आने–जाने वाले लोग इन स्थानों पर न थूकें अथवा गंदगी करें, इसी उद्देश्य से कई धर्मों के आराध्यों के चित्रों वाले टाइल्स लगवाये गये हैं। ऐसे में विचारणीय पहलू यह है कि अस्पताल प्रबन्धन के नजरिये में ऐसा करना गलत नहीं हो सकता है लेकिन धार्मिक नजरिये से इसे उचित कतई नहीं कहा जा सकता है कि धार्मिक आराध्यों के चित्रों को उन स्थानों पर लगवा दिया जाये जहाँ लोग बेपरवाह होकर गंदगी फैला देते हैं।

उपरोक्त प्रकरणों पर गम्भीरता से विचार करने पर सवाल यह उठता है कि लोगों को गंदगी फैलाने से रोकने के लिए धार्मिक प्रतीक चिन्हों, उनके आराध्यों के चित्रों को लगाना क्या उचित है? क्या ऐसा कृत्य धार्मिकता का उपहास उड़ाना व आस्थावान लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं है?

गौरतलब हो कि, "जो कोई (व्यक्ति), भारत के नागरिकों के किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिये जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादे से, मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या संकेतों या दृश्य चित्रणों द्वारा या अन्यथा उस वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करता है या अपमान करने का प्रयास करता है, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास से, या जुर्माना, अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा" अर्थात भारत के संविधान में किसी भी नागरिक को किसी भी किसी भी धर्म की आस्था से खिलवाड़ करने की खुली छूट नहीं है बल्कि किसी भी धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को विधिक प्रक्रिया के तहत दण्डित करने का प्रावधान है। अस्तु जिला प्रशासन को चाहिये कि ऐसे सभी मामलों को संज्ञान में ले और सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करवा कर विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करवाये।

**–श्याम सिंह 'पंवार'**
**वरिष्ठ पत्रकार, कानपूर**

## बिना बिजली कनेक्शन ही किसान को मिला बिल

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल क्षेत्र में बिना विद्युत कनेक्शन हुए ही किसान को बिजली का बिल मिल गया।

क्षेत्र के भादू निवासी ने अपने खेत पर कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक ना तो खेत में डीपी लगी है और ना ही खेत में अभी तक कोई बिजली का कनेक्शन हुआ है। भादू गांव के गोपाल लाल पुत्र रामलाल गाडरी ने अप्रेल 2018 में अपने खेत पर विद्युत कनेक्सन के लिए आवेदन किया था। कनेक्शन के लिए उसने अप्रेल 2018 में करीब 14150 रूपये भी जमा करवाए और दिसंबर 2018 में 2575 रूपये और जमा करवाए थे, लेकिन अभी तक उक्त किसान के खेत में ना तो डीपी लगी और ना ही मीटर लगा है लेकिन विभाग द्वारा उसे विद्युत का बिल पकड़ा दिया गया और उसमे 300 यूनिट विद्युत खपत भी दिखाई गई है । बिल देख कर किसान को अचम्भा हुआ की बिना कनेक्सन के ही मेरे को बिल भेजा गया, जिसमे 300 यूनिट की खपत भी दिखाई गई। विभाग की इस लापरवाही के कारण किसान चिंतिंत और परेशान है, लेकिन उसकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है।

## आग लगने की सूचना से खलबली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में आग लगने की सूचना से खलबली मच गई। आनन–फानन में प्रशासन, पुलिस, दमकल, बिजली विभाग, एंबुलेंस आदि मौके पर पहुंच गये। अचानक हुई मॉक ड्रिल से अस्पताल में मौजूद सभी लोग सहम गए, लेकिन जब बाद में पता चला कि ये महज एक मॉक ड्रिल थी, जब लोगों की सांस में सांस आई। बता दें कि गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि महात्मा गांधी अस्पताल में आग लग गई। सूचना पर कलेक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, एएसपी पारस जैन, सहित अन्य पुलिस दल और पीएमओ अरुण गौड़, दमकल, एंबुलेंस, बिजली विभाग की रेस्पांस टीमें मौके पर पहुंच गई। वहां पहुंचते ही संबंधित महकमों ने स्थिति संभाली। तब पता चला कि यह तो आपातकालिन स्थिति से निबटने के लिए की गई मॉकड्रिल मात्र थी। कलेक्टर मेहता ने बताया कि आपातकालिन परिस्थितियों में बिजली का तंत्र जनरेटर से सुचारु रुप से संचालित हो सकता है या नहीं। साथ ही शॉर्ट सर्किट से या वायर गिरने से कहीं आग लग सकती है तो दमकल समय पर पहुंचती है या नहीं।

## भटेवर के समीप नेशनल हाइवे पर दिखा पैंथर

**उदयपुर,** (कासं)। जिले में गोगुंदा और नई क्षेत्र में पैंथर के आंतक के बाद अब भटेवर मांच के समीप नेशनल हाइवे 48 पर ग्रामीणों को एक पैंथर नजर आया। ग्रामीणों ने वन विभाग और हाईवे कार्मिकों को इसकी सूचना दी।

भटेवर के समीप स्थित सिंघानिया यूनिवर्सिटी के पास नेशनल हाइवे 48 की सर्विस लेन पर बैठे पैंथर को देखकर कार चालक के होश उड़ गए। पेंथर खेतो से निकलकर सड़क को पार करने के लिए सर्विस लेन पर बने नाले के पास आकर दुक्क कर बैठ गया उस दौरान वहां से गुजर रहे कार चालक ने पैंथर को देख लिया और पेट्रोल पंप के कार्मिकों को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। साथ ही वहां से गुजर रहे वाहन चालकों व रास्ते पे आने जाने वाले लोगों का जमावडा लग गया। ग्रामीणों की आवाजाही और वाहनों के शोर शराबे से पेंथर वापस खेतो की तरफ भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि हाइवे के पास एक फैक्ट्री बन्द पड़ी हुई है। इस फैक्ट्री में पैथर अपने कूनबे के साथ रहता है। फेक्ट्री में झाडियां ओर बड़ी बड़ी पास होने से दिन के समय पेंथर अंदर दूबके रहते है। वही रात होने के बाद शिकार की तलाश में घनी आबादी की तरफ रुख करते है। कुछ महीनों पूर्व भी एक पैंथर शिकार की तलाश में गांव की तरफ आया और भागने के चक्कर में बिना मुंढेर के कुएं में गिर गया, जिससे पैंथर की मौत हो गई थी।

## माता जय देवी का किया शरीरदान

■ **मेडिकल कॉलेज में शोध कार्य के कार्य आएगी देहदान**

**सादुलपुर,** (निसं)। डेरा सच्चा सौदा एवं एमएसजी मानवता भलाई केन्द्र के द्वारा चलाये जा रहे 167 मानवता भलाई के अन्तर्गत पूज्य गुरू संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पावन प्रेरणा के चलते चूरू जिले के सिद्धमुख ब्लॉक के गांव चैनपुरा छोटा निवासी 60 वर्षीय माता जय देवी इन्सां के निधन पर मेडिकल कॉलेज कोटा में मेडिकल रिसर्च के लिए गुरूवार को उनका देहदान किया गया।

इस मौके पर शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फैयर फोर्स विंग के सेवादारों ने माता जय देवी इन्सां की शव यात्रा में शिरकत की। इस अवसर पर माता जय देवी इन्सां अमर रहे–अमर रहे, शरीर दान महादान–महादान के गगनभेदी नारे लगाये गये। वहीं आम्रपाली इन्सां, राजवीर इन्सां व बलराम इन्सां ने देहदान कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह चूरू जिले में यह चौथी बॉडी दान की गई है, जबकि सिद्धमुख ब्लॉक में प्रथम देहदानी माता जय देवी इन्सां ने अपनी देह का दान कर बहुत बडी मिशाल पेश की है, जिसके लिए पुरी डेरा सच्चा सौदा की पुरी साध संगत माता को सैल्यूट करती है तथा उनके इस जज्बे को एवं उनके पूरे परिवार के लिए सतगुरू दाता से अरदास करते हैं कि इसी प्रकार से डेरा सच्चा सौदा द्वारा चलाये जा रहे 167 मानवता भलाई के कार्यो पर चलते हुए एक नई मिशाल कायम की है, उसके लिए पूरे परिवार को साध–संगत सैल्यूट करती है तथा पुरी साध–संगत माता जय देवी इन्सां के पदचिन्हों पर चलते रहेंगे।

इसी दौरान डेरा सच्च्चा सौदा एवं मानवता भलाई केन्द्र के पूज्य गुरूजी की प्रेरणा से बेटा–बेटी एक समान मानते हुए जय देवी इन्सां की अर्थी को बेटियों ने कंधा देकर महावीर इन्सां के निवास स्थान से गांव के प्रमुख मार्गो के शव यात्रा निकालकर अन्त में जय देवी इन्सां का देहदान कर उनके परिजनों ने अनूठी मिशाल पेश की तथा यह संदेश दिया गया कि मरने के बाद भी मानव का शरीर समाज के काम आये, इसलिए उनका शरीरदान कर मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए शोध कार्य हेतु के लिए धन–धन सतगुरू तेरा ही आसरा के गगनभेदी नारों के साथ एम्बुलेंस के द्वारा कोटा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रान्त के 85 मेम्बर सेवादार, शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोंस विंग के सेवादारों सहित चूरू जोन के ब्लॉक सिद्धमुख, राजगढ, तारानगर, ददरेवा, चूरू, सरदारशहर, भादरा, नेठराना, महाराणा, राजपुरा सहित पूरे चूरू जोन के डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केन्द्र के हजारों अनुयायी उपस्थित थे।

## राशिफल शुक्रवार 20 दिसम्बर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र रात्रि 3:47 तक, विष्कुम्भ योग सायं 6:11 तक, तैतिल करण दिन 10:49 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से रात्रि 3:47 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 3:47 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 3:47 से आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:32 तक, लाभ–अमृत 8:32 से 11:07 तक, शुभ 12:24 से 1:41 तक, चर 4:16 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:15, सूर्यास्त 5:33

### मेष



परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

### सिंह




व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष




घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### कन्या




आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### तुला




आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कुंभ




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

ARBIT
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
epaper.rashtradoot.com
राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot



**Pakistan never had a Chance at all**

The armour under Maj Shammi Mehta was to swim across Meghna and race forward. Such an audacious plan would not have come to the minds of Guderian, Rommel, Patton or Yamamoto in WW-II!

**Cathod e-Ray Tube**

Celebrating Cathode-Ray Tube Day is our way of acknowledging the foundation it laid for the sleek and sophisticated displays that we enjoy today.

# संसद के प्रवेश द्वार पर, कौन घायल हुआ और किसने घायल किया?

## भाजपा व कांग्रेस ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया तथा भाजपा की ओर से अनुराग ठाकुर व बांसुरी स्वराज ने पार्लियामैंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पर राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी से उपजे विवाद पर शुक्रवार को संसद में विरोध प्रदर्शन, जवाबी विरोध प्रदर्शन, लड़ाई झगड़ा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ हत्या के प्रयास की पुलिस में शिकायत दर्ज कराना, जैसी घटनाए हुईं। भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर संसद में घुसने से रोकने के लिए बल प्रयोग करने का आरोप लगाया।

सारे विवादास्पद घटनाक्रम, जिसकी शुरुआत गुरुवार को डॉ. अम्बेडकर पर की गई शाह की टिप्पणी के विरोध में हुई थी, के केन्द्र में था भाजपा द्वारा राहुल गांधी के अहं को कानून से भी बड़ा बताते हुए हमला करना। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ पार्लियामैंट स्ट्रीट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की है कि उनके दो साथियों को राहुल गांधी ने घायल किया है। इस पर भाजपा के अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल पर प्रहार किए।

संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजीजू ने दावा किया कि सांसदों -प्रताप सरावगी और मुकेश राजपूत को राहुल गांधी ने घायल किया है। यह सब संसद के मुख्यद्वार पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के प्रदर्शन के दौरान हुआ है। रिजीजू ने गांधी, जो मार्शल आर्ट अकीडो में ब्लैक बैल्ट हैं, पर टिप्पणी की कि क्या आपने अन्य सांसदों को पीटने के लिए कराटे कुंग फू सीखा है।

- भाजपा सांसदों का आरोप था कि राहुल गांधी ने भाजपा सांसद प्रताप सारंगी व मुकेश राजपूत से मारपीट की व गंभीर रूप से घायल कर दिया।
- राहुल गांधी जापानी मार्शल आर्ट आईकीडो में ''ब्लैक बैल्ट'' हैं, इस पर संसदीय मामलों के मंत्री किरन रिजजू, ने व्यंग किया कि क्या राहुल ने कराटे इसलिए सीखा है कि सांसदों की पिटाई कर सकें।
- दूसरी ओर, प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि बियासी वर्षीय खड़गे के साथ धक्का-मुक्की कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया गया और उन्हें लगा कि ''खड़गे साहब'' का पैर टूट गया होगा।
- मारपीट का लफड़ा उस समय शुरु हुआ, जब सांसद, संदन के मकर द्वार से संसद की कार्यवाही में भाग लेने के लिये, संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे तथा दोनों पार्टियों ने एक दूसरे को प्रवेश करने से रोकने का प्रयास किया।
- खड़गे ने एक पत्र लिख कर, लोकसभाध्यक्ष को मारपीट व धक्का-मुक्की के पूरे प्रकरण की जाँच के आदेश निकालने का आग्रह किया।

राहुल गांधी पर एक भाजपा सांसद को धक्का देने के आरोप पर प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सब गृहमंत्री अमित शाह को बचाने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के सांसद शांतिपूर्ण विरोध करते हुए संसद में प्रवेश कर रहे थे, तब भाजपा सांसदों ने गुंडागर्दी की।

प्रियंका ने कहा कि राहुल गांधी के हाथ में डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर थी और वे जय भीम के नारे लगाकर शांति से संसद में प्रवेश कर रहे थे, पर उन्हें रोका गया।

प्रियंका ने कहा, हम कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे है और वहां काफी जगह होती है, जिससे लोग आराम से आ और जा सकते हैं। हर रोज सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक प्रदर्शन होता है, पर आज पहली बार भाजपा सासंदों ने विरोध किया और जो भी अंदर जा रहा था, उसे रोका, फिर वे धक्का मुक्की और गुंडागर्दी करने लगे।

प्रियंका ने आगे कहा, "और अब शाह को बचाने के लिए उन्होंने साजिश

( शेष पृष्ठ 2 पर )

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। राजस्थान की पाली सीट से तीन बार सांसद रह चुके पी.पी. चौधरी उस जॉइन्ट पालियामैन्ट्री कमेटी (जे.पी.सी.) के अध्यक्ष बनाये जा सकते हैं, जो "एक राष्ट्र एक चुनाव" विधेयक पर चर्चा एवं बहस करने के लिये गठित की जा रही है।

जे.पी.सी. कल लोकसभा में गठित की जायेगी तथा इसके बाद राज्यसभा में इसका अनुमोदन होगा।

लोकसभा का शीतकालीन सत्र कल अनिश्चितकाल तक के लिये स्थगित कर दिया जायेगा।

- पी.पी. चौधरी इस मुद्दे पर गठित जे.पी.सी. के अध्यक्ष होंगे।
- यह प्रोजैक्ट मोदी जी के निकट है, अतः प्र.मंत्री को इस प्रोजैक्ट का अध्यक्ष अपने विश्वासी को बनाना ही उचित लगा है।

पी.पी. चौधरी पेशे से वकील हैं तथा केन्द्र में विधि राज्य मंत्री रह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के निकट माने जाते हैं। चूँकि यह मोदी का प्रिय प्रोजैक्ट है, इसलिए यह मान लेना तर्कसंगत लगता है कि वे जे.पी.सी. की अध्यक्षता के लिये किसी विश्वासपात्र व्यक्ति को लायेंगे। पी.पी. चौधरी इस बार मंत्री नहीं बन सके थे, क्योंकि जातीय एवं

( शेष पृष्ठ 2 पर )

# दस साल में पहली बार रिलायंस इण्डस्ट्री के शेयर नुकसान ''पोस्ट'' करेंगे

## सितम्बर माह में कंपनी के शेयर में 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी, अक्टूबर में 9.8 प्रतिशत की, नवम्बर में तीन प्रतिशत की तथा दिसम्बर में 3.9 प्रतिशत की

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। दस सालों में पहली बार रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि. (आर.आई.एल.) के शेयर धारकों को वार्षिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। दिसंबर 19, 2024 को आर.आई.एल. के शेयरों की कीमत गिरकर 1,230.60 रू. हो गई, जो कि 8 जुलाई 2024 का 1,608.95 रू. तक पहुँच गई थी।

यह गिरावट महत्वपूर्ण है, क्योंकि आर.आई.एल. ने पिछले दस वर्षों में लगातार सकारात्मक सालाना रिटर्न दिए हैं। कंपनी के शेयरों में हाल के महीनों में गिरावट आई है, जिसमें, सितंबर में 2.2 प्रतिशत, अक्टूबर में 9.8 प्रतिशत, नवंबर में 3 प्रतिशत और दिसंबर में 3.9 प्रतिशत गिरावट देखी गई।

विशेषज्ञ इस गिरावट के लिए कई फैक्टर्स को जिम्मेवार मानते हैं। इनमें ग्लोबल इकोनॉमिक प्रैशर प्रमुख हैं। वैश्विक मंदी का डर तथा सख्त मॉनिटरी पॉलिसी (मौद्रिक नीति) ने निवेशक के मानस को प्रभावित किया है। इसके परिणाम स्वरूप शेयर बाज़ार में गिरावट आई

- गिरावट का कारण है, विश्व में इकोनॉमिक वातावरण का दबाव व कुप्रभाव। विश्व स्तर पर मंदी का दौर आरंभ होने की आशंका तथा इकोनॉमिक मार्केट में मुद्रा नीतियों के कारण मुद्रा मार्केट में तंगी।

( शेष पृष्ठ 2 पर )

# भाजपा युवा मोर्चा ने प्रदर्शन किये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। इस समय भाजपा और कांग्रेस- दोनों दलो के बीच संसद की सीढ़ियों पर हाथापाई की स्थिति पैदा हो गई।

दोनों ही पार्टियाँ एक-दूसरी पर उनके सांसदों को शारीरिक क्षति पहुँचाने का आरोप लगा रही हैं।

भाजपा के निशाने पर राहुल गांधी हैं। भाजपा उन्हें हर कीमत पर रोकना चाहती है।

भाजपा नहीं चाहती कि संसद में अडानी, तथा प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके व्यावसायिक सम्बंधों पर चर्चा हो। भाजपा यह भी नहीं चाहती कि अम्बेडकर तथा उनके बारे में अमित शाह के शब्दों के गलत चयन पर चर्चा हो।

- प्रदर्शन के दौरान इन्दौर, पटना व मुम्बई में कांग्रेस कार्यालय पर तोड़-फोड़ व आक्रमण की कार्यवाही।

राहुल गांधी ने अमित शाह से कहा है कि वे देश से माफी मांगें तथा सरकार से त्याग पत्र दें।

दिलचस्प बात यह है कि संभवतः करीब 11 साल के अन्तराल के बाद ऐसी स्थिति आई है कि कांग्रेस ने भारत के गृहमंत्री जैसे शीर्ष पदाधिकारी तथा मोदी सरकार में दूसरे नम्बर के नेता से इस्तीफा माँगा है। यह माँग कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे तथा पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने की है।

राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा लोगों का ध्यान दूसरी तरफ खींचने की

( शेष पृष्ठ 2 पर )



# मुख्यमंत्री ने राजस्थान हाउस पुनर्निर्माण का निरीक्षण किया

## दिल्ली प्रवास में भजनलाल ने बीकानेर हाउस व उदयपुर हाउस के बारे में निर्देश दिये



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस, उदयपुर हाउस और राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय-सीमा के साथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।*

नई दिल्ली/जयपुर, 19 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस, उदयपुर हाउस और राजस्थान हाउस, जिसकी मरम्मत चल रही है, का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने पृथ्वीराज रोड स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए, संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये और जल्दी काम करने के लिए कहा और साथ ही यह भी कहा कि समय-सीमा के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भवन का अवलोकन करवाया। ज्ञातव्य है कि राजस्थान हाउस का पुनर्निर्माण 136 करोड़ रु. की लागत से हो रहा है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को 7050 वर्ग मीटर में बन रहे राजस्थान हाउस के बारे में विस्तार से बताया। राजस्थान हाउस प्रदेश सरकार का एक राजकीय गेस्ट हाउस है। इसके पुनर्निर्माण में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जा रहा है। साथ ही, भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन क्लेडिंग का कार्य किया जाएगा। राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाइनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं, प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हाल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

■ **राजस्थान हाउस में दो बेसमैंट पार्किंग, भूतल तथा 6 मंजिल का निर्माण हो रहा है। भवन की छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हॉल, योग कक्ष भी बनेगा।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश की प्रतिष्ठित दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस से सटे हुए इलाके राजपुर रोड पर स्थित उदयपुर हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों से उदयपुर हाउस में करवाए जाने वाले निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री गुरूवार को ही बीकानेर हाउस का दौरा करने भी गए और हाउस में स्थित राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बीकानेर हाउस को कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# कुलगाम में सेना ने 5 आतंकी मारे

श्रीनगर, 19 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के वरिष्ठ कमांडर समेत पांच आतंकवादी मारे गये।

पुलिस ने बताया कि हिजबुल कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ फारूक नाली कुलगाम के देसचेन येमरिच का निवासी था तथा वह जिले के कादर इलाके में हुई मुठभेड़ में अपने चार साथियों के साथ मारा गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 40 वर्षीय फारूक नाली 2015 से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों में उसका हाथ था। वर्ष 2020 में श्रीनगर में हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के ऑपरेशनल कमांडर सैफुल्लाह की मौत के बाद नाली ने समूह की कमान संभाली थी।

■ **इन 5 आतंकियों में से एक हिजबुल मुजाहिदीन का वरिष्ठ कमांडर फारुक अहमद भट उर्फ फारुक नाली है।**

सेना की 2 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर अनिरुद्ध चौहान ने दक्षिण कश्मीर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नाली का मारा जाना हिजबुल मुजाहिदीन के लिए बहुत बड़ा झटका है।

# 'शाह का वीडियो हटाने के लिए "एक्स" पर दबाव डाल रही है भाजपा'

## कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में यह आरोप लगाया

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। गृह मंत्रालय और आई टी डिपार्टमैन्ट ने कथित रूप से, "एक्स" से कहा है कि वह अपनी साइट से अमित शाह के डॉ. अम्बेडकर से संबंधित उस वीडियो को हटा दे, जिसमें वे संविधान पर हुई दो दिन की बहस का जवाब दे रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहाँ एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में बताया कि उन्हें तथा कांग्रेस के कुछ अन्य सांसदों को "एक्स" से एक मेल मिला है, जिसमें कहा गया है कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते, वह इसे नहीं हटायेगा। श्रीनेत ने कहा, "उन्होंने (एक्स) पारदर्शिता के हित में, हमें यह सूचना दी है। सुप्रिया श्रीनेत ने राज्यसभा वैबसाइट से शाह का असंपादित भाषण सर्कुलेट किया। हिन्दी में दिय गये भाषण में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि "इस समय बार-बार अम्बेडकर का नाम लेने का फैशन है तथा उन्होंने अगर भगवान (का नाम) लिया होता तो वे सात जन्मों के लिये स्वर्ग चले गये होते।"

■ **सुप्रिया ने बताया कि एक्स की तरफ से उन्हें व कुछ अन्य कांग्रेसी सांसदों को ई-मेल कर सूचित किया गया है कि भाषा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए यह वीडियो नहीं हटाया जाएगा।**

■ **सुप्रिया ने कहा, एक्स ने लिखा है कि पारदर्शिता के हित में उन्होंने हमें सूचना दी है।**

■ **सुप्रिया ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कांग्रेस के सांसदों की वह फोटो एडिट की जिसमें उन्होंने अम्बेडकर की तस्वीर ले रखी है। भाजपा ने अम्बेडकर की जगह जॉर्ज सोरोस की तस्वीर लगाकर शेयर की है।**

श्रीनेत ने कहा कि इसमें कोई तोड़-मरोड़ या सम्पादन नहीं है। वास्तविकता यह है कि शाह ने डॉ. अम्बेडकर का अपमान किया है तथा उनके लिये बेहतर होगा कि वे देश से क्षमा याचना करें तथा इस्तीफा दे दें। भाजपा ने एक तस्वीर को एडिट किया, जिसमें हमारे सांसद बाबा साहिब अम्बेडकर की तस्वीर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, उन्होंने इसमें से अम्बेडकर की जगह जॉर्ज सोरोस की फोटो लगा दी। उन्होंने रात के 10:45 बजे के आस-पास भाजपा के अधिकृत हैंडल से यह एडिट फोटो शेयर की।

उन्होंने कांग्रेस की माँग को दोहराया कि अमित शाह देश से माफी माँगें तथा इस्तीफा दे दें तथा भाजपा के शीर्ष नेताओं को चाहिये कि वे अम्बेडकर की तस्वीर को सोरोस की तस्वीर लगाने के लिये जिम्मेवार लोगों को चिन्हित करें।

# संसद के प्रवेश द्वार पर, कौन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रची है कि भैया ने किसी को धक्का दिया है। मेरी आंखों के सामने उन्होंने खड़गे जी को धक्का दिया। वे जमीन पर गिर गए, फिर उन्होंने एक माकपा सांसद को धक्का दिया। वो खड़गे जी पर गिर पड़े। ऐसा लगा, खड़गे जी की टांग टूट गई है। उनके चेहरे से लग रहा था कि वे तकलीफ में हैं। इसके बाद खड़गे (82 वर्ष) के लिए एक कुर्सी लाई गई।"

प्रियंका ने कहा, यह साजिश है। हम उन लोगों को चुनौती देते हैं जो हमें जय भीम बोलने से रोक रहे हैं। वे जय भीम का नारा क्यों नहीं लगा सकते?

प्रियंका ने भाजपा के इस दावे का खंडन किया कि इंडिया गठबंधन के सांसदों को संसद में प्रवेश का रास्ता दिया गया था, उन्होंने कहा, विपक्षी सांसदों को संसद में घुसने से रोका जा रहा था। इससे पूर्व प्रियंका ने एक्स पर हिंदी में लिखा कि भाजपा बार -बार बाबा साहेब का अपमान कर रही है, जिन्होंने देश का संविधान लिखा और नागरिकों को बराबर अधिकार दिए, जिन्होंने करोड़ों दलितो और पीड़ितों का जीवन बदल दिया। उनका अपमान कर भाजपा ने करोड़ों दलितों व वंचितों का अपमान किया है, भाजपा को माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा नेता को धक्का देने के आरोप का खंडन करते हुए राहुल ने कहा, यह सब कैमरा पर रिकॉर्ड हुआ होगा, भाजपा सांसद हमें संसद में घुसने से रोक रहे थे।

इसी बीच, भाजपा ने कांग्रेस पर संविधान व डॉ. अम्बेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए, विरोध प्रदर्शन किया।

अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सांसदों ने नारे लगाए, "राहुल गांधी माफी मांगो, अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।"

राहुल ने कहा, "यह आपके कैमरा में होगा, मैं संसद में जाने की कोशिश कर रहा था, भाजपा सांसदों ने मुझे रोका, धक्का दिया और धमकी दी, इसलिए यह हुआ। हां यह हुआ, मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का दिया गया। पर हम इस सबसे डरते नहीं हैं, हमें अंदर जाने का अधिकार है, वो हमें रोक रहे थे। मुख्य मुद्दा यह है कि वे संविधान पर हमला कर रहे है और अम्बेडकर जी की स्मृतियों का अपमान कर रहे हैं।"

खड़गे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिखा कि भाजपा सांसदों ने उन पर हमला किया, उन्हें धक्का दिया। उन्होंने घटना की जांच करने का आदेश देने की मांग की।

# प.बंगाल में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश

कोलकाता, 19 दिसंबर। पश्चिम बंगाल की पुलिस ने एक फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ कर पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि संदिग्धों ने कथित तौर पर ग्राहकों, दो-पांच लाख रुपये के बीच पासपोर्ट बेचे। इस मामले में दक्षिणी कोलकाता के परनानिवासी दीपांकर दास नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया, जिसने कथित तौर पर बंगलादेश से आए घुसपैठियों को 73 फर्जी पासपोर्ट जारी किए थे। उनके पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, कंप्यूटर, विभिन्न पीएसयू बैंकों की मुहरें और 36 भारतीय पासपोर्ट, शेंगेन और ब्रिटेन वीजा की फोटोकॉपी भी जब्त की।

इससे पहले, शहर की पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने वाले, गिरोह सीधे तौर पर शामिल होने के आरोप में पंचसायर उप-डाकघर के एक डाकिया सहित तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जो खास तौर पर बंगलादेशी नागरिकों के लिए वीजा देने का प्रबंध करते थे। जांच के दौरान, कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन के एक पुलिसकर्मी की ओर से की गई शिकायत के बाद, भवानीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया और पाया गया कि जाली दस्तावेजों का उपयोग करके कई भारतीय पासपोर्ट प्राप्त किए गए थे।जांच के दौरान, पंचसायर उप-डाकघर से कुछ डिलीवरी शीट जब्त की गई। यह भी पता चला कि पासपोर्ट सेवा केन्द्र बशीरहाट डाकघर से 37 पासपोर्ट आवेदन तैयार किए गए थे। इस मामले में, बारासात के फॉर्च्यून सिटी के डाकिया रिपन बिस्वास को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के बाद, पुलिस ने 14 दिसंबर को दीपक मंडल और रिपन के पिता समरेश बिस्वास के रूप में पहचाने जाने वाले पंचसायर डाकघर के एक डाकिया को गिरफ्तार किया।

■ **पुलिस ने पांच संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

# दस साल में पहली बार रिलायंस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है, जिसमें आर.आई.एल. भी शामिल है।

रिलायंस का "ऑयल-टु-कैमिकल्स" (ओ. 2 सी.) बिज़नैस जो राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है, क्रूड ग्लोबल डिमांड में कमी तथा क्रूर ऑयल के घटते-बढ़ते दामों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

पूर्व में रिलायंस रिटेल और जिओ प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण विकास इंजन रहे हैं। तथापि, टैलिकॉम सैक्टर में भारी प्रतिस्पर्धा ने जियो के, ए.आर.पी.यू. (एवरेज रैवेन्यु पर यूज़र) पर दबाव डाला है। यह रिटेल खंड, परिचालन की ऊँची लागत तथा एक्सपैन्शन की, अपेक्षा से धीमी गति से जूझ रहा है।

क्लीन एनर्जी, रिटेल एक्सपैन्शन तथा डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में रिलायंस के महत्वपूर्ण निवेश के कारण कंपनी के ऋण स्तर को बढ़ा दिया है। जबकि, ये दीर्घकालिक दांव हैं, शॉर्ट टर्म रिटर्न्स को लेकर चिंता ने निवेशक के विश्वास को कम कर दिया है।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि तिमाही परिणामों में कुछ सैगमैंट्स में ग्रोथ कम हुई हैं, जिसके कारण यह चिंता बढ़ गई है कि क्या कंपनी अपनी ऐतिहासिक हाई ग्रोथ को जारी रख पाएगी।

इसके अलावा जिओ फाइनैंशियल सर्विसेज के प्रस्तावित डीमर्ज़र ने बाज़ार में अस्थायी रूप से अनिश्चितता पैदा कर दी है। साथ ही डीमर्ज़र के बाद कंपनी के शेयरों पर भी दबाव नज़र आया क्यों फंड का पुनः आवंटन हुआ है।

इसके अलावा कई सालों की सतत ग्रोथ के कारण हालांकि कुछ निवेशकों को मुनाफा हो सकता है, पर इससे शेयरों के दाम गिरे हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारों को भी प्रमुख बाज़ारों के कड़े होते नियमों की वजह से नुकसान हुआ है और भू राजनैतिक अनिश्चितताओं के कारण भी दबाव बढ़ रहा है।

हालांकि रिलायंस का फोकस भविष्य के ग्रोथ सैक्टर्स जैसे हरित ऊर्जा और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि पर है, जिससे इसे दीर्घकालिक लाभ होगा। लेकिन फिलहाल इन निवेशों से वित्तीय प्रदर्शन पर दबाव पड़ रहा है।

■ **रिलायंस इण्डस्ट्रीज ने क्लीन एनर्जी, रिटेल एक्सपैंशन तथा डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़िकरण पर भारी पैसा खर्च किया है, हो सकता है इस इन्वैस्टमैंट से दीर्घकाल में लाभ हो जाए, पर शॉर्ट टर्म में इन इन्वैस्टमैंट से पूंजी निवेशकों का विश्वास डिगा है तथा शेयर प्राईज़ गिरी हैं।**

# संघ से जुड़े यादव को जज बनाने पर आपत्ति की थी डी.वाय. चंद्रचूड़ ने

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने मुस्लिमों के खिलाफ अपने विवादास्पद बयानों तथा समान नागरिक संहिता के समर्थन में उत्तेजना से काम लिया था, न्यायाधीश ही नहीं बने होते, अगर सर्वोच्च न्यायालय की कोलीजियम ने अपने ही व्यक्तियों में से एक, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ के शब्दों पर ध्यान दिया होता।

सर्वोच्च न्यायालय की तत्कालीन कोलीजियम, जिसमें तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई तथा न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी तथा एस.ए. बोबड़े शामिल थे, ने 12 फरवरी 2019 की मीटिंग में डी. वाय. चन्द्रचूड़ की आपत्ति की उपेक्षा करते हुये, नियुक्ति के लिये 9 अन्य लोगों के साथ यादव के नाम की भी सिफारिश कर दी थी तथा सरकार ने नियुक्तियों की मंजूरी दे दी थी।

■ **रंजन गोगोई जब सी.जे.आई. थे, तब कोलीजियम में डी.वाय. चंद्रचूड़ सदस्य थे, उन्होंने यादव को हाई कोर्ट का जज बनाने पर आपत्ति की थी, जिसे अनदेखा कर दिया गया।**

■ **सी.जे.आई. गोगोई को लिखे अपने पत्र में चंद्रचूड़ ने बताया था कि यादव का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ जुड़ाव है, वे हाई कोर्ट का जज बनाए जाने योग्य नहीं हैं।**

यादव 22 दिसम्बर, 2019 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किये गये तथा 26 मार्च, 2021 को स्थाई न्यायाधीश बना दिये गये।

तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को 13 अगस्त, 2018 को लिखे पत्र में, न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने कहा था कि यादव को अपर्याप्त कार्यानुभव है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो भाजपा का सैद्धांतिक पितृस्वरुप है, के साथ उनका जुड़ाव है, तथा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक (तत्कालीन) राज्यसभा सदस्य, जो इस समय केन्द्रीय मंत्री हैं, के साथ उनकी निकटता है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने जोर देते हुये कहा था कि "वे (यादव) किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किये जाने के लिये उपयुक्त नहीं है।"

8 दिसम्बर, 2024, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के परिसर में विश्व हिन्दू परिषद के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक समारोह में बोलते हुये, न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने खुले आम मुस्लिमों को निशाना बनाया था तथा समान नागरिक संहिता का समर्थन किया था। उनके विवादास्पद बयानों को लेकर बड़े पैमाने पर हुये हंगामे के बाद, 55 राज्यसभा सांसदों ने उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं, को पत्र लिखकर उक्त न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरु करने की माँग की थी।

सभापति ने अभी तक, "द्वेषपूर्ण भाषण" तथा साम्प्रदायिक असामंजस्य उभारने" के लिये जज पर महाभियोग की कार्यवाही करने के उक्त अनुरोध पर कोई निर्णय नही लिया है। विपक्षी सांसदों ने जज पर, विहिप के समारोह में अपने भाषण के जरिये, "अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने तथा उनके खिलाफ पूर्वागृह तथा द्वेष प्रदर्शित करने" का आरोप भी लगाया है।

## भाजपा युवा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कोशिश कर रही है, क्योंकि वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहती।

भाजपा राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर रही है, क्योंकि उसके एक सांसद गिर गये तथा उनके चोट आई और वे अस्पताल में भर्ती हो गये।

भाजपा युवा मोर्चा ने इन्दौर, पटना तथा मुम्बई में कांग्रेस का र्यालयों पर हमले किये हैं।

भाजपा और कांग्रेस के सम्बंधों का रुप एकदम बिगड़ गया है। इनकी आपसी कटुता अपने निम्नतम स्तर पर पहुँच चुकी है तथा देखना यह है कि यह स्थिति कितनी आगे तक जायेगी तथा कहाँ जाकर समाप्त होगी।

## 'एक राष्ट्र,...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजनैतिक समीकरणों के चलते उन्हें मंत्री बनाया जाना संभव नहीं हो सका था।

इस समय, भाजपा के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसके पास लोकसभा एवं राज्यसभा- दोनों में से किसी भी सदन में दो-तिहाई बहुमत नहीं है, जिससे "एक राष्ट्र एक चुनाव" का संविधान संशोधन विधेयक पारित हो सके।

जे.पी.सी. में शामिल किये जाने के लिये, कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आगे बढ़ा दिया है।

चूँकि वे अभी-अभी लोकसभा सांसद बनी हैं, इसलिये यह पहली कमेटी होगी, जिसकी वे सदस्य होंगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पेड़ों की गणना का आदेश दिया

## जस्टिस ए.एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बैंच ने कहा, कानून पेड़ों की रक्षा के लिए है, काटने के लिए नहीं

नई दिल्ली, 19 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में पेड़ों की गणना की जाएगी और 50 या उससे अधिक पेड़ों को काटने के किसी भी अनुरोध को केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) मंजूरी देगी।

न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली वृक्ष प्राधिकरण से कहा कि वह गणना के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) और विशेषज्ञों की सहायता ले।

पीठ ने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एहतियाती सिद्धांत के तहत सरकार को पर्यावरण नुकसान के कारणों का अनुमान लगाना, उन्हें रोकना और उनका उन्मूलन करना चाहिए, जिसमें उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना भी शामिल है।

■ **पेड़ों की गणना के कार्य में सहायता के लिए तीन विशेषज्ञों की टीम भी गठित की गई है।**

कोर्ट ने कहा कि ट्री अफसर द्वारा 50 या उससे अधिक पेड़ों को काटने की अनुमति दिए जाने के बाद सीईसी द्वारा मंजूरी दिए जाने तक, उस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। पेड़ों की गणना तीन विशेषज्ञों - सेवानिवृत्त आईएमएस अधिकारी ईश्वर सिंह और सुनील लिमये के अलावा, पेड़ विशेषज्ञ प्रदीप सिंह की सहायता से की जाएगी।

पीठ ने सीईसी को निर्देश दिया कि वह पेड़ों की कटाई के दस्तावेजों पर विचार करे और तय करे कि अनुमति दी जाए या किसी संशोधन की जरुरत है। दस्तावेज प्राप्त होने पर, सीईसी वृक्ष अधिकारी को अतिरिक्त दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बुला सकता है। सीईसी आवेदन और अन्य सभी पहलुओं पर विचार करेगा और तय करेगा कि अनुमति दी जानी चाहिए या कुछ नियमों और शर्तों के साथ दी जानी चाहिए। हम यह स्पष्ट करते हैं कि 50 या अधिक पेड़ों को गिराने की अनुमति देते समय, जब तक कि कोई अपवाद न हो, पेड़ लगाने की शर्त लगाई जानी चाहिए। अन्यथा, कटाई की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

दरअसल, अदालत ने 18 दिसंबर को कहा था कि पेड़ों पर कानून उन्हें बचाने के लिए हैं, न कि उन्हें काटने के लिए। बैंच ने उन्हें बचाने के लिए कदम उठाने के आदेश पारित करने का संकेत दिया। यह मुद्दा 1985 में दायर पर्यावरणविद् एमसी मेहता की जनहित याचिका से उत्पन्न हुआ है।

# 'समलैंगिक जोड़े साथ रह सकते हैं'

हैदराबाद, 19 दिसंबर। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने एक समलैंगिक जोड़े के साथ रहने के अधिकार को बरकरार रखा है और अपना साथी चुनने की उनकी स्वतंत्रता पर मुहर लगाई है। जस्टिस आर रघुनंदन राव और जस्टिस के महेश्वर राव की बेंच कविता (बदला हुआ नाम) की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कविता ने आरोप लगाया है कि उसकी साथी ललिता (बदला हुआ नाम) को उसके पिता ने उसकी इच्छा के विरुद्ध हिरासत में लिया हुआ है और उसे नरसीपटनम स्थित अपने आवास पर रखा है। बेंच ने मंगलवार को ललिता के माता-पिता को कपल के रिश्ते में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया।

■ **आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने आदेश में माता-पिता को हस्तक्षेप नहीं करने के लिए कहा। कोर्ट ने विजयवाड़ा के एक समलैंगिक "कपल" की याचिका पर यह फैसला सुनाया।**

# यू.पी. और हरियाणा में पटाखों की बिक्री पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण यह आदेश दिया है

नई दिल्ली, 19 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार (19 दिसंबर) को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान प्रदूषण को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "इसका असर तभी पड़ेगा, जब एनसीआर के दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो। इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें।" अब इस मामले में 15 जनवरी को अगली सुनवाई होगी।

पटाखों पर बैन लगाने के मामले में एमिकस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, लेकिन इसे प्रभावी बनाने के लिए एनसीआर राज्यों पर भी प्रतिबंध होना चाहिए। दिल्ली सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट फरासत ने अदालत को सूचित किया कि दिल्ली ने पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण और उपयोग पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपाय के प्रभावी होने के लिए, पड़ोसी एनसीआर राज्यों को इसी तरह के प्रतिबंधों को अपनाना चाहिए, क्योंकि पटाखे अभी भी उन राज्यों से दिल्ली में लाए जा सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा को दिल्ली की तर्ज पर पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

■ **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मामले में अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी और अगले आदेश तक पटाखों पर रोक जारी रहेगी।**

दिल्ली प्रदूषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने सभी राज्यों और एनसीआर क्षेत्र को निर्देश दिया है कि वे ग्रैप -4 से प्रभावित सभी श्रमिकों को गुजारा भत्ता दें। राज्य सरकारें पता लगाएं कि कौन से श्रमिक ग्रैप -4 से प्रभावित हैं। श्रमिकों को भत्ता देने के लिए सिर्फ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए।

अगर श्रमिकों को गुजारा भत्ता देने के संबंध में जारी अदालत के निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो हम राज्य सरकारों के खिलाफ अदालत की अवमानना के तहत कार्रवाई शुरू करेंगे। अदालत ने इस मामले पर राज्य सरकारों से 5 जनवरी तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

# जगतपुरा इलाके में सीवरेज लाइन डालने में गड़बड़ी कर रहा ठेकेदार

## 42.79 लाख का काम 26 फीसदी कम रेट पर करीब 31.66 लाख रु. में लिया, अब लागत बचाने के लिए पाइप लाइन के पास सीमेंट व रोडी-कंक्रीट तक नहीं डाली जा रही

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम द्वारा जगतपुरा इलाके के सीवरेज लाइन डालने के दौरान भारी खामियां छोड़ी जा रही है। जैसे कि पाइपलाइन के नीचे और ऊपर रोडी-कंक्रीट व सीमेंट नहीं डाली जा रही। कहीं-कहीं पर तो क्रेक हो चुके पाइप भी डाल दिए गए। पाइप के जोड़ (ज्वॉइंट) पर लीकेज रोकने के लिए कोई रबड़ नहीं लगाया। तमाम खामियां उजागर होने के बावजूद भी जोन के इंजीनियर्स, ठेकेदार फर्म के काम को सही बताने में जुटे हैं।

सूत्रों की मानें तो वार्ड 115 में रावत पब्लिक स्कूल से साबरमती अपार्टमेंट होते हुए 100 फुट रोड बड़े नाले की ओर सीवरेज लाइन डालने

- **वार्ड 115 में रावत पब्लिक स्कूल से साबरमती अपार्टमेंट होते हुए 100 फुट रोड बड़े नाले की ओर डाली जा रही है सीवरेज लाइन**


का काम ग्रेटर नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। जगतपुरा जोन प्रशासन ने करीब 42.79 लाख रु. का टैंडर लगाया था, इस निविदा में 9 फर्मों ने हिस्सा लिया था। जिसमें मैसर्स शिवचंद मौर्य, मैसर्स राज कंस्ट्रक्शन कंपनी, मैसर्स गोविंदराम एंड कंपनी, संभव कंस्ट्रक्शन, मैसर्स जे.के.एंटरप्राइजेज, अलहुरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी, मैसर्स दाऊजी कंस्ट्रक्शन, मैसर्स अटल कंस्क्ट्रक्शन और मैसर्स नोगिया कंस्ट्रक्शन कंपनी शामिल थी।

इसमें से श्री दाऊजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने यह ठेका करीब 26 प्रतिशत कम रेट पर 31.66 लाख रु. में लिया। जबकि इस टैंडर में शामिल अन्य फर्मों ने 3 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक कम रेट डाली थी। चूंकि आमतौर पर सिविल वर्क के टैंडर तय निविदा राशि से 5-10 प्रतिशत ऊंची अथवा नीची दर पर छूटते हैं, क्योंकि नगरीय निकायों की रेट और बाजार खर्च में अंतर है। इसके बावजूद श्री दाऊजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 26 प्रतिशत कम रेट पर यह ठेका लेकर सभी फर्मों को हैरत में डाल दिया, क्योंकि इतनी कम लागत पर सीवरेज लाइन डालने का कार्य पूरा करना संभव नहीं रह जाता। इसका दूसरा कारण यह भी है कि कुल निविदा की करीब 15-20 प्रतिशत राशि तो टैक्स व अन्य खर्च में चली जाती है। ऐसे में अगर यह पूरा खर्च जोड़ा जाए तो यह सीवरेज कार्य तय लागत राशि की आधी रेट यानि करीब 22-23 लाख रु. में पूरा होना होगा।

उधर सीवरेज लाइन डालने का काम लेने के बाद श्री दाऊजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अपनी लागत बचाने के लिए कमजोर क्वालिटी के पाइप डालना शुरू कर दिया। यहां तक कि पाइप लाइन के नीचे-ऊपर की तरफ रोडी-कंक्रीट व सीमेंट का मसाला तक नहीं डाला जा रहा है। ठेकेदार के लोग तुरंत जे.सी.बी. मशीन से खुदाई करके पाइपलाइन दबाकर तुरंत मिट्टी डाल रहे हैं, ताकि उनकी कारगुजारी पकड़ी नहीं जा सके। वार्ड 115 के लोगों ने जब सीवरेज लाइन का यह घटिया कार्य देखा तो इसकी तस्वीरे खींचकर स्थानीय पार्षद और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारियों को भेजी।

इस प्रकरण में पार्षद विनोद शर्मा ने बताया कि मेरे पास भी कुछ लोगों की शिकायत आई है, मैं कल ही मौके पर जाकर देखता हूं। अगर कहीं पर घटिया निर्माण किया जा रहा है तो उसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बारे में जगतपुरा जोन के अधिशाषी अभियंता से भी बात करेंगे।

अधिशाषी अभियंता पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि सीवरेज लाइन डालने का काम चल रहा है, मैं कल खुद मौके पर जाकर जांच करूंगा। अगर कहीं पर गड़बड़ी होगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उनसे पहले कनिष्ठ अभियंता श्याम सुंदर शर्मा से बात की गई तो उन्होंने किसी भी सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य में किसी भी तरह की खामी होने से मना कर दिया। जबकि स्थानीय लोगों ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उसमें साफ दिख रहा है कि पाइपलाइन के आसपास रोडी-कंक्रीट का मसाला तक नहीं है।






ग्रेटर नगर निगम के जगतपुरा जोन क्षेत्र में बिछाई जा रही सीवरेज लाइन में सीमेंट व रोडी-कंक्रीट तक नहीं डाला जा रहा।

## जयपुर ज्वैलरी शो का आगाज आज

**जयपुर** । देश के नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो- रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ "जयपुर ज्वलैरी शो" (जेजेएस) का 20 दिसंबर, शुक्रवार को सुबह 11 बजे जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में भव्य आगाज होगा। शो का उद्घाटन उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे।

इस वर्ष जेजेएस की थीम रूबीज... रेयर, रॉयल और रेवर्ड है। पिछले दो वर्षों में एमरल्ड पर फोकस करने के बाद, इस वर्ष शो में रूबी आभूषणों की विविधता, उनकी गुणवत्ता और डिज़ाइनों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस विशेष रत्न को प्रमोट करने के लिए जेजेएस रूबी प्रमोशन ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें 15 सदस्य शामिल हैं और जेमफील्ड्स इसका प्राइन पार्टनर है। यह जानकारी जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने दी। जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन और प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि इस वर्ष शो में 1200 से अधिक बूथ्स होंगे। जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है और पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इनमें से 329 बूथ्स जेमस्टोन्स की होंगी, 723 बूथ्स पर ज्वैलरी प्रदर्शित की जाएगी।

## 30 हजार रुपए रिश्वत के साथ सफाईकर्मी गिरफ्तार

- **अतिक्रमण हटाने की एवज में उपायुक्त के नाम पर आरोपी ने एक लाख रु. मांगे थे, बाद में सौदा 50 हजार में तय किया**
- **करीब 2 माह बाद भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने पैसे मांगे तो आरोपी ने उसे 30 हजार रु. लौटाये, तभी ए.सी.बी. ने उसे दबोच लिया**

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार शाम नगर निगम हैरिटेज में कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के एवज में परिवादी से 1 लाख रुपए मांगे थे, बाद में आरोपी सफाई कर्मचारी ने 50 हजार रुपए लिए थे। काम नहीं होने पर रिश्वत के 30 हजार रुपए वापस लौटाते समय ए.सी.बी. ने उसे धर-दबोचा। एसीबी टीम सफाईकर्मी के घर पर सर्च के साथ ही हवामहल-आमेर जोन सीमा चौधरी से भी पूछताछ कर रही है।

एडिशनल एसपी बलराम मीणा के नेतृत्व में एसीबी टीम ने यह कार्रवाई नगर निगम हैरिटेज के हवामहल-आमेर जोन में की। एसीबी ने सफाई कर्मचारी हरिज्ञान गुर्जर को रिश्वत की राशि लौटाते हुए गिरफ्तार किया है। घूसखोर सफाई कर्मचारी हरिज्ञान गुर्जर ने परिवादी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करवाने की एवज में 1.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। उसके बाद 50 हजार रुपए लेकर अतिक्रमण हटाने की गारंटी ले ली। करीब 2 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर परिवादी ने रुपए लौटाने का दबाव बनाया। तब घूसखोर हरिज्ञान गुर्जर ने परिवादी को बुलाकर 30 हजार रुपए सौंप दिए। इस बीच एसीबी ने रिवर्स ट्रैप करते हुए हरिज्ञान गुर्जर को ट्रैप कर लिया।

एसीबी इस मामले में हवामहल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी की भूमिका की भी जांच कर रही है। एसीबी को घूसखोर के बयानों से संदेह है कि उपायुक्त के कहने पर ही सफाई कर्मचारी रिश्वत की रकम मांगकर पीड़ित को परेशान कर रहा था।

## हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण हसीजा ने किया सफाई व्यवस्था सुधारने पर मंथन

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी जोन उपायुक्त और अन्य निगम अधिकारी को निर्देश देकर वार्डो में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। गुरुवार को सिविल लाइन जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सिविल लाइन जोन उपायुक्त हंसा मीणा ने की, जिसमें जोन के सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक और नागपुर वेस्ट जोनल मैनेजर उपस्थित रहे।



हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी जोन उपायुक्त और अन्य निगम अधिकारियों की बैठक लेकर सफाई पर चर्चा की।

बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत सिविल लाइन जोन के सिटी प्रोफाइल के अनुसार चिन्हित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की योजना बनाई गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि चयनित आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए। उपायुक्त हंसा मीणा ने चिन्हित क्षेत्रों में दिन में दो बार सफाई करने, सफाईकर्मियों को तय वर्दी में रहने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुधारने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों और अन्य संबंधित अधिकारियों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी करें और किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करें। उपायुक्त हंसा मीणा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समर्पण और सहयोग के साथ कार्य करें। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जयपुर को देशभर में उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हो।

## जलदाय कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन



प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने गुरूवार को ज्योति नगर अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

- **कार्मिकों ने भुगतान समय पर करने, जर्जर पंप हाऊस की मरम्मत, पदोन्नति व स्थायीकरण मांगा**

**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक जिला जयपुर के नेतृत्व में गुरूवार को सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने ज्योति नगर अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, कार्यवाहक अध्यक्ष केदार शर्मा, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, खण्ड अध्यक्ष गंगासहाय मीणा, यूथ अध्यक्ष विनोद मीना, जिला सलाहकार गिर्राज पारीक, वृत अध्यक्ष मोहनलाल पालीवाल ने बताया कि सम्बधित अभियंताओं को कई बार समस्याओं को लेकर अवगत करवाया जा चुका है, परन्तु समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस कारण गुरूवार को प्रांतीय नल मजदूर यूनियन ने अधिशाषी अभियंता देवेंद्र शर्मा को अवगत करवाया और 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने जल्द ही समस्याओं के निदान के लिए आश्वासन दिया है।

हमारी मांग है कि कर्मचारियों को समयबद्ध पीपीओ जारी हो। कार्मिकों का आर्थिक भुगतान समय पर हो, जर्जर पम्प हाउस की मरम्मत हो,पम्प हाउस पर उचित कार्मिको की व्यवस्था हो। इसके साथ ही पदोन्नति और स्थायीकरण किया जाये।

## *तेज रफ्तार ट्रोले ने युवक को रौंदा, मौत*

**जयपुर** । मुरलीपुरा इलाके में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रोले की टक्कर से युवक की मौत हो गई। घर जाने के लिए युवक रोड पार कर रहा था, तभी ट्रोले ने उसे टक्कर मार दी। करीब 50 मीटर तक ट्रोला उन्हें अपने साथ घसीटते हुए ले गया। एक्सीडेंट थाना पुलिस (वेस्ट) ने शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। परिजनों की मौजूदगी में शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि हादसे में ताराचन्द शर्मा (45) पुत्र रामसहाय शर्मा निवासी फतेहपुरा बेगस बगरू की मौत हो गई। वह परिवार के साथ कालवाड़ रोड स्थित हनुमान वाटिका-ए गोकुलपुरा में रहते थे।

वह कूकरखेड़ा मंडी में काम करते थे। दोपहर करीब 2:30 बजे वह घर जाने के लिए मंडी से पैदल निकले थे, मुरलीपुरा हाईवे पर हर्ष होटल के पास रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान ओवर स्पीड ट्रोले ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। ट्रोले के रौंदते हुए निकल जाने के चलते मौके पर ही ताराचन्द की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से ट्रोला लेकर फरार हो गया।

हादसे की सूचना पर एक्सीडेंट थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस ने ट्रोले और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

## 'सिटी पार्क के बदले हाऊसिंग बोर्ड को दी जाये 1800 करोड़ की भूमि'

### आवासन मंडल कर्मचारी संघ की बैठक में यह मुद्दा गूंजा



हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई।

**जयपुर** । राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को बोर्ड मुख्यालय में हुई। इसमें कर्मचारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को उठाने और उसके लिए आंदोलन करने की रणनीति पर चर्चा की। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा सरकार से जमीने दिलाने का है। इस बैठक में कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। संघ के महासचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के आदेश पर हाऊसिंग बोर्ड ने मानसरोवर में सिटी पार्क की जमीन दी थी, जिसकी एवज में सरकार ने 1800 करोड़ रुपए सममूल्य की जमीन प्रदेश के अन्य शहरों में देने की बात कही थी, लेकिन आज तक इस जमीन का आवंटन नहीं हुआ। हमारी मांग है कि, प्रदेश में जहां-जहां पर हाऊसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा जमीनों पर अवैध कब्जे हो रखे है, उन्हें खाली करवाया जाए, ताकि बोर्ड उन जमीनों पर आमजन के लिए आवासीय योजनाएं सृजित कर सके। उन्होंने बताया कि हम प्रशासन ने जल्द ही रेन्टल हाउस स्कीम चालू कराने, जीआरएस स्कीम चालू कराने और मण्डल में शेष खाली पड़े पदों पर भी जल्द नई भर्ती करवाने की मांग करेंगे। इस मौके पर बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.सी. बुढानिया, उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, सुभाष यादव, संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी मौजूद थे।

## इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ मेड आंत्रप्रेन्योर्स की सूची जारी की

**जयपुर** (कासं)। आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट बैंकिंग और हुरुन इंडिया ने आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 का दूसरा संस्करण जारी किया है। यह सूची 200 सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनियों की है, जिनकी स्थापना वर्ष 2000 के बाद हुई है। इन कंपनियों की रैंकिंग उनके मूल्यांकन के आधार पर की गई है, जिसमें सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूँजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन शामिल हैं। हैड- वेल्थ मैनेजमेंट एंड प्राइवेट बैंकिंग विकास शर्मा ने बताया किइस सूची में सभी कंपनियों का कुल मूल्य 36 लाख करोड़ रुपए है। इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 में देशभर के 46 शहरों के उद्यिमयों को शामिल किया गया है। बेंगलुरु इस सूची में 98 उद्यिमयों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद मुंबई में 73 और नई दिल्ली में 51 उद्यमी शामिल हैं। ये तीनों शहर सूची में शामिल उद्यिमयों का आधे से अधिक हिस्सा बनाते हैं। सूची में वित्तीय सेवाओं की 50 कंपनियों का प्रभुत्व है, जबकि स्वास्थ्य सेवा और खुदरा क्षेत्र में 25-25 कंपनियाँ है।

## सार-समाचार

### दशहरा मैदान में युवक ने फांसी लगाई

**जयपुर** । आदर्श नगर इलाके के दशहरा मैदान में गुरूवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। जहां शव था, वहीं पर जमीन पर अंगुली से लिखा हुआ था """यह मेरे पापों का प्रतिफल है।" मार्निंग वॉक पर आए लोगों ने सुबह 8 बजे पेड़ पर फंदे से लटका युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, मृतक नरेंद्र (30) भरतपुर के सुभाष नगर का रहने वाला था। वह मानसिक रूप से बीमार था। बुधवार सुबह उसका भाई धीरेंद्र भरतपुर से उसे लेकर जयपुर डॉक्टर को दिखाने आया था। मोती डूंगरी इलाके स्थित गंगवाल पार्क के पास डॉ. दिनेश खंडेलवाल को दिखाने के लिए पेशेंट का नंबर लगा रखा था। धीरेंद्र और नरेंद्र पार्क में बैठकर नंबर का इंतजार कर रहे थे। शाम करीब 6 बजे धीरेंद्र को झपकी लग गई। मौका पाकर नरेंद्र वहां से निकल गया। धीरेंद्र ने काफी ढूंढा, लेकिन नरेंद्र नहीं मिला। माना जा रहा है कि देर रात फंदा लगाकर उसने सुसाइड किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पिछले सात दिन में नरेंद्र भरतपुर स्थित घर पर दो बार सुसाइड की कोशिश कर चुका था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया।

### तीसरी मंजिल से गिरने से महिला की मौत

**जयपुर** । सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के मामले में उसके बेटे ने ठेकेदार और मकान मालिक पर लापरवाही का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुद्धिसंह पुरा निवासी दीपक महावर ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी मां 44 वर्षीय मूलीदेवी सीतापुरा में एक ठेकेदार के मार्फत काम करने जाती थी। 17 दिसम्बर को एक निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर काम करने के दौरान संतुलन बिगड़ा और उसकी मां वहां से नीचे आ गिरी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच एएसआई कल्याण प्रसाद कर रहे है।

### प्रदेश की 9 निकायों में होंगे उपचुनाव

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश की 9 नगरीय निकायों (नगर पालिका/नगर परिषद) में खाली वार्डों पर उपचुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को शेड्यूल जारी कर दिया है। ज्ञात रहे कि बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ नगर पालिका के वार्ड 17 और अध्यक्ष पद, नगर पालिका कपासन के वार्ड 17, दौसा नगर परिषद के वार्ड 17, नगर पालिका पीलीबंगा के अध्यक्ष पद के लिए, नगर पालिका फुलेरा के वार्ड 18, नगर परिषद झालावाड़ के वार्ड 13, नगर पालिका पीपाड़ शहर के वार्ड 30, नगर परिषद सवाई माधोपुर के वार्ड 55 और नगर पालिका रींगस के वार्ड 12 और अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव करवाए जाएंगे। शेड्यूल के मुताबिक इन निकायों में उपचुनाव के लिए वोटिंग 9 जनवरी ़को होगी, जबकि 10 जनवरी को मतों की गणना करके रिजल्ट घोषित किया जाएगा। वार्डो में उपचुनाव के बाद तीन निकायों में अध्यक्ष पद के भी चुनाव करवाए जाएंगे। आयोग से जारी शेड्यूल के मुताबिक चुनाव की अधिसूचना 26 दिसंबर को जारी की जाएगी, जिसके साथ ही नामांकन पत्र भरने शुरू हो जाएंगे। नामांकन भरने का आखिरी दिन 30 दिसंबर होगा और अगले दिन यानी 31 दिसंबर को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बताया जा रहा है कि चुनाव लड़ने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अगर चुनाव नहीं लड़ना चाहते तो उन्हें नाम वापसी के लिए 2 जनवरी तक का समय दिया जाएगा। इसके बाद 3 जनवरी को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर 9 जनवरी को वोटिंग करवाई जाएगी। वोटिंग का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक रहेगा। 10 जनवरी को सुबह 9 बजे मतगणना शुरू की जाएगी और दोपहर तक परिणाम जारी कर दिया जाएगा। जिन तीन निकायों में अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग होनी है उसके लिए भी शेड्यूल जारी किया है। अध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना 13 जनवरी को जारी की जाएगी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार 14 जनवरी तक अपना नामांकन पत्र भरकर दे सकते है। नाम वापसी के लिए 16 जनवरी तक का समय होगा और उसके बाद जरूरत पड़ने पर 20 जनवरी को वोटिंग करवाई जाएगी। वोटिंग का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। वोटिंग के खत्म होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी और शाम तक परिणाम जारी किया जाएगा।

## आई.ई.एम-यू.ई.एम. समूह ने संस्थापक प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती के निधन पर शोक जताया

**जयपुर** (कासं)। आईईएम-यूईएम समूह ने संस्थापक प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने घोषणा की कि 19 दिसंबर को चक्रवर्ती का निधन हो गया।

इंजीनियरिंग और शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध व्यक्ति, डॉ. चक्रवर्ती के दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता ने भारत के शैक्षिणक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समूह ने डॉ. चक्रवर्ती के परिवार, सहकर्मियों, छात्रों और उन सभी के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताईं, जो उनकी बुद्धिमत्ता और दयालुता से प्रभावित हुए। उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनका दृष्टिकोण और योगदान सदैव अमर रहेगा तथा भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।



वर्ष1947 में पश्चिम बंगाल में जन्मे डॉ. चक्रवर्ती की शैक्षणिक यात्रा उत्कृष्टता और ज्ञान की निरंतर खोज से चिह्नित थी। उन्होंने रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज (अब एनआईटी), दुर्गापुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की, उसके बाद प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर से एम.टेक की उपाधि प्राप्त की। ज्ञान की उनकी खोज ने उन्हें बर्दवान विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएच.डी. और मिसौरी विश्वविद्यालय, यूएसए से एमबीए प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. चक्रवर्ती का कॅरियर उद्योग और शिक्षा दोनों में फैला हुआ है। उन्होंने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की, 1971 से 1984 तक पश्चिमी क्षेत्र के प्रभारी प्रमुख के रूप में कार्य किया। इसके बाद, उन्होंने 1984 से 1994 तक न्यूयॉर्क, यूएसए में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में ब्रिटिश अमेरिका इन्वेस्टर्स कॉरपोरेशन में उपाध्यक्ष का पद संभाला। वर्ष 1994 में, डॉ. चक्रवर्ती कोलकाता में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में निदेशक की भूमिका निभाने के लिए भारत लौट आए, जहाँ उन्होंने 2011 तक काम किया। उनके कार्यकाल में शैक्षिक मानकों और बुनियादी ढाँचे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। उन्होंने 1997 से 2006 तक पश्चिम बंगाल उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य के रूप में भी काम किया और कोल इंडिया लिमिटेड और विजाग पोर्ट ट्रस्ट सहित प्रमुख संगठनों को परामर्श प्रदान किया।

शिक्षा के प्रति डॉ. चक्रवर्ती की प्रतिबद्धता ने जयपुर और कोलकाता में परिसरों के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) की स्थापना की। कुलपति के रूप में, उन्होंने छात्रों के बीच मानवीय मूल्यों और अनुशासन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया जो प्राचीन भारतीय आश्रम के लोकाचार को समकालीन पश्चिमी शैक्षिक तकनीकों के साथ जोड़ता हो।

डॉ. चक्रवर्ती ने मशीन टूल्स, औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, विमानन, वैकल्पिक ईंधन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके काम ने उन्हें पिछले दशक में भारतीय औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वोच्च योगदान के लिए 1999 में प्रतिष्ठित गोल्ड मैडल दिलाया। डॉ. चक्रवर्ती को वर्ष 2013 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय से एजुप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी गई।

## लूटपाट गैंग का सरगना और दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । श्याम नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड से गंतव्य को जाने वाले यात्री को कार मे बैठाकर लूट करने वाली गैंग का खुलासा कर गैंग के मुख्य सरगना सहित दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने श्याम नगर की पांच वारदात सहित जयपुर शहर की एक दर्जन वारदातों का खुलासा किया है। इसके अलावा पुलिस ने गैंग के सरगना से लूटा गया सामान भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण जयपुर दिगंत आनन्द ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड से गंतव्य को जाने वाले यात्री को कार मे बैठाकर लूट करने वाली गैंग के तीन शातिर बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।गैंग के सरगना से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपियों को शिनाख्तगी के लिए न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया गया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी घटना वाले दिन अपने-अपने फोन बंद करके चौपहिया वाहन लेकर जयपुर शहर से बाहर के बडे बस स्टेन्ड 200 फीट चौराहा कुंभा मार्ग, 14 नंबर बस स्टेन्ड, ट्रांसपोर्ट चौराहे पर खडे हो जाते है। गैंग का सरगना गाड़ी में ही बैठा रहता है तथा एक आरोपी गाडी से चलने के लिए सवारी ढूँढता है तथा दूसरा बस स्टेन्ड पर अन्जान बनकर खड़ा हो जाता है । सवारी मिलने पर दूसरा आरोपी भी उसी गाड़ी में आगे वाली सीट पर जाने के लिए बैठ जाता है। सवारी को बैठाकर कुछ दूर चलते ही चाकू, पेचकस या पिस्टल दिखाकर पीड़ित से रकम ऐंठ लेते है।



## Go Caroling Day


Any fan of old classic movies knows that carolers were one of the hallmarks of any Christmas themed movie. Whether it was 'It's a Wonderful Life' or Charles Dickens's 'Christmas Carol,' you could be certain at some point that some warmly bedecked singers would arrive at someone's door, belting out the traditional songs for Christmas. While Caroling is slowly falling out of style, there's still time to preserve this time-honoured tradition, and Go Caroling Day is your call to arms.



#INVENTION

# Cathode-Ray Tube


Celebrating Cathode-Ray Tube Day is our way of acknowledging the foundation it laid for the sleek and sophisticated displays that we enjoy today.



Cathode-Ray Tube Day is a fascinating celebration that honours a piece of technology that once played a pivotal role in our daily lives. Mark your calendars for December 20th because that's when this special day is observed. It's a time to remember and appreciate the cathode-ray tube (CRT), a device that was essential for early televisions, computer monitors, radar screens, and oscilloscopes.

Even though modern technology has moved beyond CRTs, their impact and contribution to the development of electronic displays are undeniable. Why do we celebrate this day? The reasons are quite compelling. First, CRT technology revolutionized how we view media by making televisions and computers more accessible to the public. Before CRTs, televisions were bulky, expensive, and could only display black and white images. CRTs changed that, providing a way for colourful, dynamic images to be displayed affordably. Moreover, this technology also had applications beyond entertainment, such as in radar screens during World War II, illustrating its versatility and importance.

Celebrating Cathode-Ray Tube Day is our way of acknowledging the foundation it laid for the sleek and sophisticated displays that we enjoy today.





## History

Cathode-Ray Tube Day has an intriguing history that takes us back to the pioneering days of electronic displays and televisions. This day celebrates the cathode-ray tube (CRT). This crucial invention laid the groundwork for the development of television and computer monitors we used before the advent of flat screens.

The origins of this celebration can be traced to the late 19th century with significant developments by scientists such as Johann Hittorf and William Crookes, who made early discoveries related to cathode rays in the 1860s and 1870s.

Hittorf observed light emanating from the cathode in a vacuum tube, indicating the presence of what would later be known as cathode rays. Crookes furthered this research by creating the Crookes tube, demonstrating these rays more clearly. These early experiments were fundamental in understanding the nature of electrons and electrical conduction through gases. Fast-forward to the 20th century, Vladimir Zworykin patented the cathode-ray tube technology that became the basis for CRT televisions and monitors in 1938, marking a significant milestone in its development. This patent date, December 20, has been chosen to celebrate Cathode-Ray Tube Day, commemorating the moment CRT technology was officially recognized and began its journey into becoming a household name.

The day honours the impact and importance of CRT technology. It revolutionized how we view and consume media by making television and computer displays widely accessible and affordable.

Before the era of CRTs, televisions were bulky and expensive, capable of displaying only black and white images. CRT technology brought colourful and dynamic images to the masses, significantly changing entertainment, education, and communication.




# Pakistan never had a Chance at all


PART:3



Narsingdi. This photo, and several that follow, are courtesy 'Ullal collection.' Mr. Ullal was a war correspondent in Hotel Intercontinental in Dacca, then working for a German publication, 'Stern Mag.' He got to hear of SHBOs at Raipura and caught up with Indian army (4 Guards) at Narsingdi, embedded himself with them and moved with Indian army all the way to cover the surrender ceremony on 16th Dec.

From reconnaissance report of armed Kilo Flight Chetak over Daudkandi and Bhairab Bazar, it was reported that large number of ferries and country boats were still available at Daudkandi and that Pakis had run away across the Meghna to Dacca. On 13th Dec morning, Sagat Singh took Chandan and went to visit Maj Gen Rocky Hira, GoC 23 Mountain Div, trying to cross Meghna at its widest part at Chandpur. Sagat was impatient at the slow progress of 23 Div, and wanted them to cross over quickly and blockade the southern part of Dacca. So, it was that Sagat and Chandan planned the 4th and the largest SHBO across the widest part of the mighty Meghna to take 23 Div across.






Sqn Ldr Pushp Vaid, VrC

## #SPECIAL HELI BORNE OPERATIONS 1971

Himmeth told me rather sternly that he wanted all 10 helicopters for his Battalion to cross *Meghna* immediately. I got very annoyed and gave him a piece of my mind. After couple of minutes, he got my message. Thereafter, he organised quick loading, and we continued our flights. I did not know then that the feisty 4 Guards had to do a fighting retreat on foot over rough terrain of more than 25 kms to get back to Brahmanbaria in time, with all their ammunitions and mortars, tents, bloody utensils, rations, even a 105 mm RCL, heckled by the Pakis with intense fire all the way. That Himmeth would not go to Raipura without his last man, while the head of the column, Maj Chandrakant, was racing from Methikanda towards Narsinghdi. He was an incredible commander. 4 Guards were the vanguards in the race to Dacca, fighting their way on foot, cycles, rickshaws, fire engine, and even a rail wagon pushed by cheering Bengali populace. By next day, they were in Narsingdi, on the way to Dacca.

We kept flying the whole night and finished the mission of ferrying the entire Battalion of 4 Grds, Bengali pioneers, and their loads to Raipura and returned to Agartala.

That was just the beginning. Sagat and Chandan now wanted us to cart half of IV Corps cross Meghna, supported by Arty and run to Narsinghdi. That was to be our next destination, for our third SHBO from Brahmanbaria to Narsinghdi to lift 10 Bihar, 18 Rajput, 311 Mtn Bde, 82 Lt Arty Rgt, followed by 59 Mtn Arty Rgt, and 65 Mtn Arty Rgt of 57 Mtn Arty Bde. The armour (Indp Armr Sqn with PT 76s) under Maj Shammi Mehta was to swim across Meghna and race forward to catch up at Narsinghdi. Such an audacious plan would not have come to the minds of Guderian, Rommel, Patton or Yamamoto in WW-II!

### 10 - 14 Dec '71

All our ten helicopters proceeded to Brahmanbaria, with ground crew on 10th evening and spent the night there. There was no accommodation. So, we managed to find an empty hall near the stadium and all 60 of us, officers and airmen, squeezed into it for the night. There was nothing to eat, and so, we slept on empty stomach. Two more helicopters joined us from 111 HU on the 11th.

The task, early on 11th Dec morning, was to airlift two battalions (10 Bihar and 18 Rajput) and balance 311 Bde + an artillery regiment (65 Mtn Rgt), involving 110 sorties. The field guns were to be broken down to fit into the Mi-4s. Now, there was no Pakistan Army in the area to worry about. So, we were flying and landing together in pre-reconnoitered big paddy fields, just southwest of Narsinghdi.

The first wave of Mi-4s took off from Brahmanbaria at 0530 on 11 Dec and kept flying till 0720. We had ten helicopters and did three sorties each, and we carried 321 troops and 7200 kgs of load to Narsinghdi. We then had little break and refuelled at Agartala. Our next rotation started at 0915 and continued till 1145. Again, we had 10 helicopters. We lifted 252 troops and 16700 kgs of load. The load was mostly the Arty guns and its ammunitions. Miscellaneous logistics, including rations, were being airdropped by Caribous at Narsinghdi with continuous top cover (close air support) by armed Otters and Chetak of Kilo Flight.

Our third rotation started after we had refuelled at Agartala around 1330. Again, we had 10 helicopters and we carried 190 troops and 24,500 kgs of load. The focus was on Arty Guns. After refuelling at Agartala, our fourth rotation must have started around 1730. We had 9 helicopters and each did one sortie, this time, and carried 54 troops and 8600 kgs of load including infantry weapon's ammunition. So, total for 11 Dec '71 was 815 troops and 65,200 kgs load and we did 99 sorties.



Troops disembarking at Narsingdi.

> Our third rotation started after we had refuelled at Agartala around 1330. Again, we had 10 helicopters and we carried 190 troops and 24,500 kgs of load. The focus was on Arty Guns. After refuelling at Agartala, our fourth rotation must have started around 1730.

On 11 Dec '71, we also sent one helicopter back to Sylhet for casualty evacuation. Fg Offr BK Sharma and Fg Offr PVR Murthy did the evacuation at night because it was felt safer to land at night. Both pilots showed great skill and courage and evacuated 30 casualties in two sorties, inspite of heavy ground fire. They also flew in urgently required ammunition, required by troops. Z 349 helicopter came back with a number of bullet holes.

Another helicopter, Z 613, flown by Fg offr Kanth Reddy, on its way back to Kumbhigram for maintenance inspection, had an engine fire en-route and had to force land. The helicopter was completely burnt after landing, but the crew managed to escape unhurt. We continued our SHBO on the 12th Dec from Brahmanbaria to Narsinghdi. First detail had 8 helicopters and they carried 138 troops and 13,820 kgs load. Second detail had 4 helicopters and lifted 96 troops and 5600 kgs of load.

A total of 35 sorties were done involving 35.15 hours flying and we carried 234 troops and 19,420 kgs of load from Brahmanbaria to Narsinghdi on 12th Dec.

On 13th Dec, we continued our SHBO from Brahmanbaria to Narsinghdi. We did a total of 30 sorties involving 25 hours of flying. We had 10 helicopters and airlifted 282 troops and 14,850 kgs load.

Overall, a total of 1331 troops and 99,470 kgs load was carried from Brahmanbaria to Narsinghdi, that involved 164 sorties and 141.45 hours of flying. From reconnaissance report of armed Kilo Flight Chetak over Daudkandi and Bhairab Bazar, it was reported that large number of ferries and country boats were still available at Daudkandi, and that Pakis had run away across the Meghna to Dacca. On 13th Dec morning, Sagat Singh took Chandan and went to visit Maj Gen Rocky Hira, GoC 23 Mountain Div, trying to cross Meghna at its widest part at Chandpur. Sagat was impatient at the slow progress of 23 Div, and wanted them to cross over quickly and blockade the southern part of Dacca. So, it was that Sagat and Chandan planned the 4th and the largest SHBO across the widest part of the mighty Meghna to take 23 Div across.



Col DS Behl, CO 65 Mtn Rgt, firing the first shot into Dacca (Demra) on 13 Dec. Guns lifted by Mi-4 to Narsingdi.

### 14-15 Dec '71

इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ओर से उपस्थित हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल राजदीपक रस्तोगी एवं उनके सहयोगियों ने न्यायालय को बताया कि ग्राम साखु, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर के निवासी महेन्द्र कुमार द्वारा इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा मदूंडा से पानीपत के बीच डाली जा रही हजारों करोड़ रुपये की क्रूड ऑयल पाईप लाईन के मामले में 4 सितम्बर 2024 को न्यायधीश सुदेश बंसल द्वारा एकपक्षीय स्थगन आदेश पारित करते हुए यथास्थिति का आदेश जारी कर दिया था जिससे भारत सरकार के बहुत ही महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट को भारी क्षति हुई। याचिकाकर्ता द्वारा न्यायालय को कहा गया था कि किसी दूसरे व्यक्ति को अनुचित फायदा पहुंचाने की दृष्टि से उसकी भूमि को गलत तरीके से अवाप्त किया जा रहा है और पाईपलाईन का अलाईनमेंट भी परिवर्तित कर दिया गया है। इस पर एक पक्षीय स्थगन आदेश पारित कर दिया गया था जिसके कारण इतना महत्वपर्णू प्रोजेक्ट बीच में ही रूक गया। इस मामले में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ओर से स्थगन को खारिज कराने हेतु आवेदन भी प्रस्तुत किया गया था परन्तु उस पर लम्बे समय तक सुनवाई ना होने के कारण इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एक पक्षीय स्थगन आदेश के विरूद्व राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्डपीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी।

खण्डपीठ ने 4 दिसम्बर 2024 को अपील मे सुनवाई करते हुए यह निर्णय दिया था कि एकपीठ से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन पर 15 दिन में सुनवाई करें। आज मामले में विस्तृत सुनवाई हुइ। रस्तोगी द्वार तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा बिना किसी उचित आधार के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजना को रूकवा दिया है जिसका कोई औचित्य नहीं है और याचिका में लगाये गये आरोप निराधार हैं और पाईपलाईन का अलाइनमेंट इसलिए परिवर्तित करना पड़ा क्योंकि रास्ते मे पहले से ही निर्मित एक मन्दिर आ रहा था आरै अलाईनमर्टें परिवर्तन से भी याचिकाकर्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा अपितु याचिकाकर्ता कि जो भूमि पहले अवाप्त की जा रही थी उससे भी 400 मीटर भूमि कम अवाप्त की गई। रस्तोगी द्वारा यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता द्वारा भूमि अवाप्ति की कार्यवाही को चुनौति नहीं दी गई और इस मामलें में पेट्रोलियम अधिनिमय की धारा 6 के अन्तर्गत भूमि अवाप्त होकर भारत सरकार में अन्तिम रूप से निहीत हो चुकी है और अवार्ड जारी होकर मुआवजा राशि भी भूमि अवाप्ति अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दी गई है और सुप्रीम कोर्ट के कई ऐसे निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब एक बार अवाप्ति के पश्चात भूमि सरकार में निहित हो जाती है तब उसे वापिस नहीं दिया जा सकता। न्यायालय को यह भी बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही ऐसे बड़ी परियोजनाओं के संबंध में यह निर्णय दिये हुए हैं कि सामान्यत: न्यायालय को ऐसी प्रमुख परियोजनाओं को नहीं रोकना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्रीय हित के विपरीत होता और और स्थगन के कारण प्रोजेक्ट राशि कई गुना तक बढ़ जाती है। मामले पर लम्बी सुनवाई करने के बाद न्यायधीश महेन्द्र गोयल ने रस्तोगी के तर्कों से सहमत होते हुए एकपक्षीय स्थगन आदेश 4 सितम्बर 2024 को खारिज कर दिया। इस कारण अब इतने बड़े राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

## सरकार के एक साल को विफल बताते हुए कांग्रेस ने शॉर्ट फिल्म जारी की

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में भाजपा के एक साल के कार्यकाल को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और विधायक रोहित बोहरा ने विफल बताते हुए कांग्रेस की ओर से एक शार्ट फिल्म का प्रदर्शन किया। इसमें चुनाव से पहले भाजपा नेताओं द्वारा किए गए दावों और वादों को लेकर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया गया।

इस दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने राइजिंग राजस्थान को लेकर कहा कि सस्ती या निशुल्क जमीन लेने के लिए भाजपा के कई नेताओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया। भाजपा के चुने हुए विधायक और जनप्रतिनिधि खनन और बजरी माफिया बन गए हैं। अवैध खनन की बजरी खपाने के लिए कई जगहों पर सड़कों के काम शुरू किए गए।

डोटासरा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा-आरएसएस के नेताओं से लेकर पीएम मोदी तक ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे कर सत्ता हासिल की। अब हिसाब का समय आ गया है।

# जर्मनी कंपनी अल्बाट्रॉस जोधपुर में लगाएगी औद्योगिक इकाई

- रक्षा क्षेत्र में प्रसिद्ध जर्मन कंपनी अल्बाट्रॉस जोधपुर के तिंवरी क्षेत्र में शुरू करेगी औद्योगिक इकाई

**जयपुर**। राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) द्वारा जोधपुर के तिंवरी औद्योगिक क्षेत्र में जर्मनी की प्रसिद्ध कंपनी अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट को जमीन दी गयी है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के लिए अक्टूबर-2024 में म्यूनिख, जर्मनी में आयोजित रोड शो के दौरान अल्बाट्रॉस के प्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मध्य हुई उच्च-स्तरीय बैठक के उपरांत रीको ने तत्परता से भूमि आवंटन से लेकर परियोजना आरंभ तक की प्रक्रिया को कंपनी के लिए सुगम बनाया। रीको ने प्रत्येक चरण में कंपनी को हरसंभव सहायता प्रदान की जो रीको की राज्य में अत्यधिक औद्योगिक निवेश लाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

रीको द्वारा अल्बाट्रॉस के प्रतिनिधियों को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि विकल्प दिखाए गए जिसमें कंपनी द्वारा तिंवरी, जोधपुर के औद्योगिक क्षेत्र को उनके प्रस्तावित निवेश हेतु उपयुक्त पाया गया। भूखंड की पहचान के बाद रीको ने इसे ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध कराया, जिससे अल्बाट्रॉस जल्द से जल्द भूमि प्राप्त कर सके। तत्पश्चात् परियोजना की राज्य में निवेश के लिए महत्ता को ध्यान में रखते हुए रीको ने द्रुत गति से प्रस्ताव पत्र जारी किया, जिससे कंपनी की संचालन गतिविधियां शीघ्रता से आरंभ हो सकें। अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी) और (एयरोस्पेस और मिलिट्री सिस्टम) परीक्षण समाधानों के क्षेत्र में विश्व का चौथा सबसे बड़ा प्रदाता है। कंपनी की यूरोप, अमेरिका, चीन और भारत में मजबूत उपस्थिति है। जोधपुर में स्थापित होने वाली नई इकाई रक्षा, एयरोस्पेस और चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों के लिए उन्नत आरएफ चैंबर्स और मेटल पैनल निर्माण पर केंद्रित होगी। 10,000 वर्गमीटर भूमि पर संचालित होने वाली इस इकाई में कंपनी 42 करोड़ रूपये का नियोजित निवेश करके नई नौकरियां सृजित करेगी, जिससे स्थानीय एवं राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर रीको के प्रबंध निदेशक इंदरजीत सिंह ने कहा, ''रीको राजस्थान में विश्वस्तरीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की ओर अग्रसर है। अल्बाट्रॉस के साथ यह साझेदारी वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने और राजस्थान को औद्योगिक विस्तार के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह साझेदारी राजस्थान को वैश्विक औद्योगिक और रक्षा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाडी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

रीको राज्य में औद्योगिक इकाइयों को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त निवेशकों के लिए सुगम प्रक्रियाएं और व्यापार-अनुकूल वातावरण प्रदान करता है, जिससे राजस्थान में निवेशक आसानी से इकाई स्थापित कर सकें। ऐसे प्रयासों के माध्यम से रीको न केवल स्थानीय अपितु वैश्विक व्यवसायों के विकास को भी समर्थन देता है।

# देश बाबा साहेब के संविधान के हिसाब से ही चलेगा : भजनलाल शर्मा

**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली दौरे के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबासाहेब के अंत्योदय के विचार को लेकर चलती है। बाबासाहेब हमेशा दलित, पिछडे वर्ग एवं अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की बात करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबासाहेब के दिखाए रास्ते पर आगे चल रही है। सदन में गृहमंत्री अमित शाह की बात से कांग्रेस तिलमिला गई है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर का सम्मान कभी नहीं किया। बाबासाहेब ने कैबिनेट से इस्तीफा क्यों दिया, बाबासाहेब को कांग्रेस ने टिकट क्यों नहीं दिया, बाबासाहेब ने चुनाव लड़ा तो कांग्रेस ने विरोध क्यों किया, बाबासाहेब को कांग्रेस ने भारत रत्न क्यों नहीं दिया, पंचतीर्थों के विकास का काम क्यों नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबासाहेब के पंचतीर्थों का निर्माण कर उनके योगदान को देश के सामने रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने दलित परिवार से आने वाले रामनाथ कोविंद तथा आदिवासी समाज से आने वाली बहन द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन किया।

## विजयेन्द्र सोनी बने अध्यक्ष

**जयपुर**। श्री मैढ क्षित्रय स्वर्णकार सभा के चुनावों में विजयेंद्र सोनी को सभा का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। 13 उम्मीदवारों में से अध्यक्ष विजयेन्द्र सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष चिरंजी लाल सोनी, उपाध्यक्ष (प्रथम) नरेन्द्र सोनी, उपाध्यक्ष (द्वितीय) त्रिलोक सोनी, महामंत्री देवकी नन्दन सोनी, सहमंत्री (प्रथम) अनिल सोनी, सहमंत्री (द्वितीय) शिवशंकर सोनी, संगठन मंत्री महेश सोनी घोषित किया।

# इनकम टैक्स ने टैंट कारोबारी और इवेंट कम्पनी से जुड़े 24 ठिकानों पर छापा मारा

**जयपुर**। आयकर विभाग ने गुरुवार सुबह टेंट कारोबारी और इवेंट कंपनी से जुड़े व्यापारियों के 24 ठिकानों पर छापामारी की। टीम सुबह करीब 7:30 बजे 24 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ पहुंची थी। इनमें बनीपार्क, झोटवाड़ा, वीकेआई, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, राजा पार्क, आदर्श नगर शामिल हैं।

आयकर विभाग के अधिकारी कारोबारी और कम्पनी का पिछले तीन साल का रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं।अभी टीम व्यापारियों के घर, ऑफिसर और गोदाम में भी सर्च किया । इनमें अधिकतर व्यापारी शादियों से जुड़े इवेंट करवाते हैं। छापेमारी वाली टीम में करीब 200 अधिकारी-कर्मचारी, 100 पुलिसकर्मी शामिल हैं। करीब 100 गाड़ियों से टीमें अलग-अलग ठिकानों पर पहुंची थीं। शहर के तालुका टेंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल, जय ओबराय कैटर्स समेत अल्ट्रा वेडिंग इवेंट से जुड़े ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इवेंट कंपनी और टेंट कारोबारी ग्राहकों से ऑफलाइन पैसा ले रहे थे। सर्च के दौरान कई जगह बिल बुक तक नहीं मिले हैं। कारोबारियों के ऑनलाइन रिकॉर्ड को भी खंगाला जाएगा। आयकर विभाग के अनुसार जिन व्यापारियों के यहां रेड की गई है, वह वीवीआईपी शादी कराने और डेकोरेशन काम करने वाला ग्रुप है। यह ग्रुप कई बड़े होटलों से जुड़ा है। व्यापारियों के बारे में आयकर विभाग को तमाम अनियमितताओं की जानकारी मिली थी। तय सीमा से ज्यादा ऑफलाइन मोड में पेमेंट लेने का भी आरोप है। राजस्थान के बाहरी राज्यों और विदेश से आने वाले लोगों से संबंधित इवेंट यह ग्रुप कराता है।

## जिंदा बम मामले में आरोपी आजमी को शहर छोड़ने की मंजूरी

**जयपुर**। सुप्रीम कोर्ट ने मई, 2008 में शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दौरान चांदपोल हनुमान मंदिर के बाहर मिले जिंदा बम मामले में आरोपी सरवर आजमी को मिली जमानत की शर्तो में बदलाव किया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी को जयपुर छोड़ने की मंजूरी दे दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने यह आदेश आरोपी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने आरोपी को कहा है कि वह हर सप्ताह आजमगढ के पुलिस थाने में हाजिरी दर्ज कराएगा। इसके अलावा वह अपना स्थाई पता भी एटीएस को देगा और अपना मोबाइल नंबर भी नहीं बदलेगा। इससे पूर्व अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए यह शर्त लगाई थी कि वह हर सुबह दस से बारह बजे तक जयपुर के एटीएस कार्यालय में उपस्थिति देगा।

आरोपी की ओर से प्रार्थना पत्र में कहा कि वह जयपुर से आजमगढ़ शिफ्ट होना चाहता है। वहीं उसने जमानत की शर्तों का पूरी तरह से पालन किया है। इसलिए उसका आवेदन स्वीकार कर उसे आजमगढ जाने की मंजूरी दी जाए।

# अच्छा काम कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों को मिलेगा प्रोत्साहन : गायत्री राठौड़

- प्रदेशभर में करीब एक हजार से अधिक कॉल कर जानी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थितियां
- आयुष्मान आरोग्य शिविरों का पहुंचाएं अधिक से अधिक लाभ : प्रमुख शासन सचिव



प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने वीडियो कॉल कर प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जांची।

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवा तंत्र निरंतर सुदृढ़ हो रहा है। चिकित्सा विभाग की ओर से वीडियो कॉल के माध्यम से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण एवं स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद का नवाचार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। गुरूवार को भी विभाग की प्रमुख शासन सचिव से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य केंद्रों पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं का वीडियो कॉल के माध्यम से हाल जाना और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बांसवाड़ा जिले के आनंदपुरी, ब्यावर के जवाजा, अलवर के थानागाजी, झालावाड सहित अन्य स्थानों पर वीडियो कॉल कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जांची। उन्होंने बीसीएमओ, चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद किया। संवाद के दौरान राठौड़ ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत संस्थागत प्रसव, टीकाकरण आदि मानकों की स्थिति के बारे में जानकारी ली और इन्हें और बेहतर करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने चिकित्सा अधिकारियों से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन एवं इनमें उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में कैंसर व टीबी स्क्रीनिंग सहित अन्य जांचों पर फोकस किया जाए, ताकि आमजन के स्वास्थ्य के संबंध में फील्ड स्तर से वास्तविक जानकारियां प्राप्त हो सके और लोगों को बीमारी के गंभीर स्तर पर पहुंचने से पहले ही उपचार और परामर्श उपलब्ध करवाया जा सके।

राठौड़ ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर आयोजित इस संवाद के दौरान अधिकांश स्थानों पर सुचारू व्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों पर इसी तरह सेवाभाव के साथ काम करते हुए आमजन को राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को विभाग की ओर से भरपूर प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्हें उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक भारती दीक्षित, निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर सहित राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय करीब 100 अधिकारियों ने एक हजार से अधिक कॉल कर प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सामने आया कि स्वास्थ्य सेवाओं में पहले के मुकाबले निरंतर सुधार हो रहा है।

## पाक महिला हैंडलर को सामरिक सूचनाएं देने वाले आरोपी सैन्यकर्मी को जमानत

- हाईकोर्ट ने यह आदेश शांति मोय राणा की द्वितीय जमानत याचिका को स्वीकार किया

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने पाकिस्तान की महिला हैडलर को भारतीय सेना से जुडी सामरिक महत्व की सूचनाएं देने के आरोप में करीब ढाई साल से जेल में बंद सैन्यकर्मी शांति मोय राणा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश शांति मोय राणा की द्वितीय जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

जमानत याचिका में अधिवक्ता सुलेमान खान ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को मामले में झूठा फंसाया गया है। निचली अदालत में हुए एक गवाह के बयान से साफ है कि उसने पाकिस्तान फोन नहीं किया। इसके अलावा अभियोजन पक्ष के पास याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। मामले में 18 गवाहों में से सिर्फ 6 गवाहों के बयान ही दर्ज हुए हैं और वह 25 जुलाई, 2022 से जेल में बंद है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसके विरोध में सरकारी वकील मंजू दवे ने कहा कि याचिकाकर्ता ने गुप्त सूचनाएं देकर बदले में धनराशि प्राप्त की है। गिरफ्तारी के समय याचिकाकर्ता दो साल से भारतीय सेना में पदस्थापित था। मुखबिर से मिली सूचना पर याचिकाकर्ता के खिलाफ जांच की गई थी। जिसमें सामने आया कि उसने पाक महिला हैंडलर को सेना के गोपनीय दस्तावेज और युद्धाभ्यास के वीडियो भेजे थे। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए।

# कपड़े के गोदाम में आग, बुझाने में पांच दमकल और सात टैंकर लगाए

## आग में लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हुआ

**दौसा।** शहर के नई मंडी रोड पर एक कपड़े के गोदाम में गुरुवार सुबह आग लग गई। इसमें लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया। आग इतनी विकराल थी कि से बुझाने में करीब तीन घंटे लग गए। आग बुझाने में पांच दमकल और सात टैंकर लगाए गए। जेसीबी से गोदाम की दीवार को तोड़ा गया। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

सुबह 6:00 बजे रमन वधावन के कपड़े के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में सिंथेटिक व वूलन कपड़ा भरा हुआ था। इससे आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंच गई। नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन के पति नरेंद्र जैमन भी मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत की। आग पर काबू नहीं पाया तो जेसीबी बुलाकर गोदाम की दीवार को तुड़वाया गया। आग लगने पर आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।


**दौसा के नई मंडी रोड पर एक कपड़े के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया।**

शेखावाटी स्कूल के पीछे नई मंदिर रोड पर रमन वधावन का मकान और उसके पीछे सटा हुआ कपड़ों का गोदाम है। इस गोदाम के ऊपर बिजली की लाइन है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बिजली के तारों पर बंदरों की उछाल कूद से हुई स्पार्किंग से आग लगी है। हालांकि तकनीकी विशेषज्ञों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही माना जा रहा है। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए जाने से आसपास के नागरिकों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। लेकिन इस आग में लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया है।

# एसिड से भरा टैंकर पलटा, ड्राइवर की मौत

**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच 48 पर रतनपुर बॉर्डर के पास मोड पर एसिड से भरा एक टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। दबने से ड्राइवर की मौत हो गई। वही, टैंकर पलटने से सडक पर एसिड फैल गया और धुंआ उठने लगा। पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलवाकर सड़क की सफाई करवाई। रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि एसिड से भरा एक टैंकर गुरुवार सुबह करीब 5 बजे गुजरात की तरफ से उदयपुर की ओर जा रहा था। रतनपुर गांव के पास परिवहन विभाग की पुरानी चेक पोस्ट के आगे मोड पर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में टैंकर ड्राइवर रतनलाल निवासी उत्तरप्रदेश अन्दर दब गया। टैंकर पलटने से सडक पर एसिड फैल गया। जिससे धुंआ उठने लगा। सूचना पर रतनपुर चौकी से हेड कॉन्स्टेबल गोविंद सिंह जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी।

# ठगी करने का आरोपी पकड़ा

**गोविंदगढ़/अलवर।** गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान के तहत साइबर फ्रॉड प्रभावित स्थल एवं दबिश देखकर एक प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी गिरफ्तार किया है गोविंदगढ़ थाना पुलिस इलाका थाना अधिकारी नेकीराम पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी सेक्टर ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान एंटीवायरस के तहत आज सूचना तंत्र वह तकनीकी साधनों की सहायता से गांव हसनपुर में रेडिंग करते हुए को दबी देकर कार्रवाई करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशन पर चेक टेंशन की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ठगी करने में एक अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार किया।


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी (ERCC XVII)/ 2024/ई-09477

**ई-निलामी विज्ञप्ति संख्या -ERCC (XVII/ 2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खानिजों क प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारीं लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, मरमिट शुल्क, प्रिमियम शुल्क, डी.एम.एफ.टी. आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण क कुल 20 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी mstc की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

DIPR/C/13184/2024 (भगवती प्रसाद )IAS निदेशक



**कार्यालय उपवन संरक्षक, करौली (राज.)**

(गढ़का की चौकी करौली Phone & Fax No. 07464-297003

Email: dcf.kroli.forest@rajasthan.gov.in)

**Notice Inviting Bid**

Bid for Boundry Wall Construction in Range Mandrayal and Gudhachndraji are invited from interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यू.बी.एन.नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य | UBN No FOR2425WSRC02903 UBN No FOR2425WSRC02903 | 59.56 | 13.12.2024 | 24.12.2024 व 26.12.2024 |

(सुमित बंसल) उप वन संरक्षक करौली

DIPR/C/13156/2024


# हिस्ट्रीशीटर को पीट-पीटकर मार डाला, मुंह में पिस्तौल ठूंसी

## रॉड से हमला कर हाथ-पैर तोड़े, तलवार से भी किए वार

**श्रीगंगानगर।** अपने दोस्त को पीजी में छोड़ने आए एक हिस्ट्रीशीटर पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया और पीट-पीटकर मार डाला। बदमाशों ने उसके मुंह में पिस्तौल ठूंस दी और लोहे की रॉड से वार कर हाथ-पैर तोड़ दिए। उस पर तलवार से भी वार किए।

गंभीर घायल हिस्ट्रीशीटर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर गुरुवार सुबह उसे बीकानेर रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मामला पुरानी आबादी थाना इलाके का है। हिस्ट्रीशीटर के भाई गुरुराज वर्धन सिंह ने बताया- चूनावढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर कुलजीत राणा रात करीब 11 बजे अपने दोस्त गौरव निवासी अनूपगढ़ को छोड़ने बस स्टैंड के सामने मिनी मायापुरी क्षेत्र में एक पीजी पर गया था। वहां गौरव और राणा ने साथ सेल्फी ली। इसके बाद गौरव पीजी के अंदर चला गया।

गुरुराज ने बताया- कुलजीत वहां से निकल रहा था, तभी घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके मुंह में पिस्तौल ठूंस दी। इन लोगों ने लोहे की रॉड से हमला कर उसके हाथ-पैर रॉड से तोड़ दिए और तलवार से भी वार किए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।गुरुराज वर्धन सिंह ने भाई पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया। गुरुराज ने रीको ट्रॉली यूनियन प्रधान गुरजीत सिंह निवासी ठाकरांवाली, उसके भांजे नवजोत सिंह, बबू बाठ, जंटा निहंग, जश्न प्रीत सिंह, हमजोत सिंह, जश्न बराड़, आकाश पर हमला करने के आरोप लगाए।

एसपी गौरव यादव ने बताया- दो गुटों के बीच विवाद में हिस्ट्रीशीटर को पीटा गया। गुरुवार सुबह उसे इलाज के लिए बीकानेर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। भाई ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया है। अब हत्या की धारा भी जोड़ी जाएगी। हिस्ट्रीशीटर कुलजीत राणा और रीको ट्रॉली यूनियन प्रधान गुरजीत सिंह के बीच 10 महीने से विवाद चल रहा है। दोनों रीको ट्रॉली यूनियन पर एकाधिकार चाहते थे। दोनों में पहले झगड़े भी हुए और एक-दूसरे के खिलाफ मामले भी दर्ज हैं। दोनों वहां अपने वसूली गैंग चलाते थे। इसी को लेकर दोनों में विवाद था।

हिस्ट्रीशीटर कुलजीत के खिलाफ पुरानी आबादी थाना, सदर थाना और कोतवाली थाने में लूट, डकैती और जानलेवा हमले के 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। कुलजीत 'राणा बाबा' के नाम से गैंग चलाता था। राणा ने 7 महीने पहले कोर्ट कैंपस में खड़े होकर पुलिस को चैलेंज दिया था। राणा ने वीडियो बनाकर पुलिस को धमकियां दी थी। तब उसके खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था। राणा से जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस कई बार पिस्तौल बरामद कर चुकी है। डीएसटी टीम ने कुछ समय पहले राणा की गैंग से जुड़े कुछ युवकों को हथियारों के साथ पकड़ा था।

# मोबाइल के झगड़े में छोटे भाई के घोंपा चाकू

**डूंगरपुर।** मोबाइल को लेकर हुए झगडे में बडे भाई ने अपने ही छोटे भाई के चाकू घोंप दिया। इससे छोटे भाई का लीवर और आंत फट गई। उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने एक घंटे तक जटिल ऑपरेशन कर युवक की जान बचाई। दोनों भाइयों के बीच मोबाइल फोन को लेकर झगडे में ये पूरी वारदात हुई। घटना वरदा थाना क्षेत्र के हिराता माली फला में बुधवार देर शाम की है।

डूंगरपुर अस्पताल के पोस्ट ऑपरेशन वार्ड में भर्ती सिकंदर पुत्र देवीलाल रोत निवासी हिराता फला माली ने बताया कि मेरे बडे प्रेम रोत ने मुझे चाकू मारा। हम दोनों के बीच मोबाइल फोन को लेकर झगडा हुआ ?था। मैंने गुस्से में आकर फोन को जमीन पर पटक दिया, जिससे फोन टूट गया। गुस्से में आकर बडे भाई ने घर में रखा चाकू उठाकर मेरे पेट में घोंप दिया। चाकू लगने के बाद सिकंदर के लीवर फट गया और आते कट गई। सिकंदर बेहोश होकर गिर पडा। परिजन लहूलुहान हालत में सिकंदर को डूंगरपुर अस्पताल में लेकर आए। सर्जन डॉ.राजेश रोत ने जांचकर युवक की हालत गंभीर होने पर उसे तुरंत ऑपरेशन थियेटर में लिया।

डॉ.राजेश के साथ ही प्लास्टिक सर्जन डॉ.प्रणय अहारी, एनेस्थीसिया डॉ. सरोज ओर डॉ नीतू मौर्य की टीम ने ऑपरेशन शुरू कर दिया। करीब 1 घंटे तक जटिल ऑपरेशन चला और डॉक्टरों ने फटा लीवर और आंतें ठीक कर दी। इससे युवक की जान बच गई। कुछ घंटे बाद युवक को होश आ गया। डॉक्टर ने बताया कि लीवर के आंतें फटने से युवक की जान भी जा सकती थी, लेकिन उसे समय पर अस्पताल पहुंचने पर बचा लिया गया। घटना को लेकर वरदा थाने में किसी तरह की कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता खेत सुधार खण्ड प्रथम बाई मुख्य नहर सी.ए.डी. के. पाटन**

Tel. Office. 07438-263188, Email:-cadxenofd1@rajasthan.gov.in

क्रमांक अ.अ. खे.सु.ख.-I बा.मु.न./ 2024-25/1040-1049 दिनांक:-11.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से सीएडी चम्बल कोटा परियोजना में लाइन्ड फील्ड चेनल निर्माण के 10 एवं फुल पैकेज ओएफडी निर्माण के 01 कार्यों की निविदा जिसकी अनुमानित लागत 1574.95 लाख रूपये है के लिए सक्षम श्रेणी में सिंचित क्षेत्र विकास / जल संसाधन विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / अन्य राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधीकृत संगठनों / केन्दीय लोक निर्माण विभाग डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको से जो कि राजस्थान सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों की ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग के माध्यम से https://eproc.rajasthan.gov.in/ https://dipr.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईटो से दिनांक 15.01.2025 को सायः 6 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती हैः-

UBN:- CDK2425WSOB00109 to CDK2425WSOB00119

अधिशाषी अभियन्ता, खेत सुधार खण्ड प्रथम, बांई मुख्य नहर सी.ए.डी. के. पाटन

DIPR/C/12968/2024



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर/सांचौर**

क्रमांक-एफ( )/निविदा/2024-25/1411-13 दिनांक-12.12.2024

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No 25-27/2024-25**

Bids for NRM & Production Works Under PMKSY-2.0 project area Sanchore of estimated Value INR 650.46 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 23-12-2024, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://rajasthan.gov.in/) of the state.

| NIT NO. | Work Name & Block | NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| NIT-25/ 2024-25 PMKSY-2 | Cattleshed (Chitalwana) Rs. 88.43 lacs | WSC2425A0406 | WSC2425WSRC00839 |
| NIT-26/ 2024-25 PMKSY-2 | Tanka (Chitalwana) Rs. 277.93 lacs | WSC2425A0406 | WSC2425WSRC00840 |
| NIT-27/ 2024-25 PMKSY-2 | Tanka (Chitalwana) Rs. 284.10 lacs | WSC2425A0406 | WSC2425WSRC00841 |

(Bherusingh Rajpurohit) SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD, JALORE/SANCHORE DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/13178/2024


# 36 घंटे से मोर्चरी में पड़े मां-बेटी के शव

■ बच्ची को कुएं में फैंककर फंदे से लटकी गई थी महिला

**डूंगरपुर।** चौरासी थाना क्षेत्र के हडमतिया गांव में एक महिला ने अपनी 2 साल की बच्ची की कुएं में फैंककर हत्या करने के बाद पेड़ से फँदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले में पीहर पक्ष शवों के पोस्टमॉर्टम के लिए राजी नहीं हो रहा है। 30 घंटे से दोनों शव डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पडे हैं। वहीं, पीहर पक्ष मृतका के देवर पर आत्महत्या के लिए उकसाने करने का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग पर अडा है। पुलिस परिजनों से समझाईश के प्रयास में जुटी है। चौरासी थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि हडमतिया गांव निवासी भावना पत्नी दिनेश अहारी के 2 लड़कियां और एक लड़का है। भावना का पति दिनेश गुजरात में काम करता है। घर पर भावना अपने सास, ससुर और 3 बच्चों के साथ रहती थी।

बुधवार सुबह भावना ने अपने 2 साल की एक बच्ची को कुएं में फेंककर उसकी हत्या कर दी थी। वही उसके बाद महिला ने घर के पास पेड़से फँदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी मृतका के पति और पीहर पक्ष को दी।

मृतका के पीहर पक्ष के लोग गुरुवार को मोर्चरी पहुंचे,लेकिन शवों का पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर दिया। पीहर पक्ष ने आरोप लगाया कि देवर लाला पुत्र शंकर अहारी के मृतका से अवैध संबंध थे। उसी ने भावना को आत्महत्या के लिए उकसाया है। पीहर पक्ष ने आरोपी की गिरफ्तारी होने तक पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर दिया है। थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में लाला के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों से समझाईश इसके प्रयास किया जा रहे है।

# बीकानेर फायरिंग रेंज ब्लास्ट में तीसरी मौत

**बीकानेर।** जिले में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में प्रैक्टिस के दौरान ब्लास्ट में घायल सेना के जवान की भी मौत हो गई। जवान को गंभीर हालत में सूरतगढ़ के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें चंडीगढ़ के मिलिट्री हॉस्पिटल रैफर किया गया था। फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में युद्धाभ्यास के दौरान बुधवार को हुए ब्लास्ट में 2 जवानों की मौके पर ही मौत हो गई थी। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 4 दिन में 2 हादसे हुए हैं। इनमें 4 जवानों की मौत हुई है। उड़ीसा के रहने वाले ड्राइवर ईश्वर तालिया (33) ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चंडीगढ़ मिलिट्री हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके शव को चंडीगढ़ से ही उड़ीसा भेजा गया है। जवान की मौत की सूचना महाजन पुलिस को दी गई है। हादसा फायरिंग रेंज के चार्ली सेंटर पर हुआ था, जहां सैन्य अभ्यास चल रहा था। बुधवार सुबह (19 दिसंबर) तोप से फायर करते वक्त अचानक ब्लास्ट हुआ।

# थप्पड़ कांड में पूर्व विधायक को तीन साल की सजा

**कोटा,** (निसं)। ढाई साल पुराने थप्पड़ कांड मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक और पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत को न्यायालय ने दोषी मानते हुए तीन साल की सजा से दंडित किया है। कोटा एससी/एसटी कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत और बीजेपी कार्यकर्ता महावीर सुमन को उपवन संरक्षक को थप्पड़ मारने का दोषी माना।

दोनों को तीन-तीन साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। फैसले के बाद मीडिया से बातचीत में राजावत ने कहा कि वे हाईकोर्ट में अपील करेंगे। मामला मार्च 2022 का है। तब दाढ़ देवी माता मंदिर रोड पर यूआईटी की ओर से करवाए जा रहे पैचवर्क को वन विभाग ने रुकवाया था। इस बात से नाराज होकर 31 मार्च 2022 की दोपहर पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत समर्थकों के साथ राजभवन रोड़ स्थित वन विभाग के ऑफिस में गए थे।

तत्कालीन डीसीएफ रविकुमार मीणा राजावत को कुर्सी पर बैठने और चाय पीने का आग्रह करते रहे। बातचीत के दौरान राजावत ने डीसीएफ रविकुमार को थप्पड़ मार दिया था। रविकुमार ने कोटा के नयापुरा थाने में भवानी सिंह राजावत, भाजपा कार्यकर्ता महावीर सुमन सहित 10-15 लोगों पर थप्पड़ मारने, धक्का-मुक्की करने और राजकार्य में बाधा के आरोप लगाए थे। पुलिस ने गैर- जमानती धारा 332 एवं 353 अन्य धाराओं और एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया था।

इसके बाद पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत 1 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार हुए। 10 दिन जेल में रहे। बाद में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इसके बाद से ही वे जामानत पर थे। कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए भवानी सिंह राजावत व महावीर सुमन को राजकार्य में बाधा डालने और थप्पड़ मारने के मामले में दोषी माना। गैर-जमानती धारा 332 में तीन-तीन साल कारावास की सजा सुनाई और 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने धारा-3 (एससी-एसटी) में दोनों को बरी कर दिया है। राजावत के वकील पृथ्वीराज शेखावत ने बताया कि कोर्ट में हमने सजा सस्पेंशन एप्लिकेशन लगाई थी। जिसको कोर्ट ने स्वीकार किया है।

कोर्ट ने सस्पेंशन अपील की के लिए एक महीने का समय दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद राजावत ने कहा कि मैंने उसको कहा था नादानी मत करो। मैंने केवल कंधे पर हाथ रखा था। उसने मुझ पर थप्पड़ मारने का आरोप लगा दिया। मुझे कोर्ट पर भरोसा था। आज कोर्ट ने फैसला दे दिया। कोर्ट ने धारा-3 में बरी कर दिया। थप्पड़ मारने के मामले में हाईकोर्ट में अपील करूंगा। मुझे भरोसा है मेरे साथ न्याय होगा।


**RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE**

**MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY**

GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001

Tel. 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com

No.RCA/Acctts./2024/10188 Dated 19.12.2024

**NIT No.: RCA/NIT/2024-25/NIB-33**

Sealed offline bids are invited up to **12:00 Noon of 28.12.2024** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No.RCA/NIT/2024-2025/33 **"Night/Day Security Guard for RCA Campus, Udaipur for 12 hours Services with specific dress and accessories in monthly basis for 12th month (01.01.2025 to 31.12.2025)" (Approx. Rs. 09,00,000/-)**. Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites www.mpuat.ac.in or the website of State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.

DEAN, RCA



**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, BHIM, RAJSAMAND**

S.No. F ( )/MBB/Engg./E-NIB/01/2024/264 Date :- 18/12/2024

**Notice InvitingBID**

**NIB No 01/2024-25**

नगर पालिका भीम द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागों व अधिकृत संगठनो व स्वायतशासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2425A4425,

UBN No.:- DLB2425WSOB13432, DLB2425WSOB13433, DLB2425WSOB13434

महत्वपूर्ण तिथियां

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 03 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 35.53 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.12.2024 04:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 18.12.2024 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 30.12.2024 06:00 PM तक |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि | 31.12.2024 12:30 PM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 31.12.2024 3:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |

राज.संवाद/सी/24/9313 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका भीम


# सी.एम. भजन लाल शर्मा के खिलाफ पोस्ट डालने वाले युवक को पकड़ा

**भरतपुर,** (निसं)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने सीएम और एक जाति विशेष के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने लगातार सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। युवक के खिलाफ एक बीजेपी कार्यकर्ता ने मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद मथुरा गेट थाना पुलिस ने आरोपी युवक अरविन्द को गिरफ्तार कर लिया।

लाखन सिंह निवासी जघीना थाना उद्योग नगर ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया की द सोसायटी ऑफ वॉरियर नाम से सोशल मीडिया अकाउंट है। जिसे अरविंद फौजदार नाम का युवक चलाता है। इस अकाउंट द्वारा एक जाति विशेष के खिलाफ लगातार पोस्ट की जा रही है। इस अकाउंट से हुई पोस्ट में सीएम को लेकर भी लगातार टारगेट किया जा रहा है।

अरविंद फौजदार द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया अकाउंट चलाने वाला युवक अरविंद फौजदार ऐसी पोस्ट से एक जाति विशेष में आक्रोश पैदा करना चाहता है। वह झूठे आरोप लगाकर एक जाति विशेष को अपमानित कर रहा है। जिससे लोक शांति भंग हो रही है। इन पोस्ट से दो जातियों के बीच वैमनस्य फ़ैल रहा है। इस युवक द्वारा सीएम के फोटो के छेड़छाड़ कर उसे टैग करते हुए पोस्ट डाली है। ऐसी पोस्ट से सीएम भजन लाल शर्मा की ख्याति की हानि हुई है।


**भरतपुर मथुरा गेट थाना पुलिस ने सीएम और एक जाति विशेष के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार किया।**

# डॉ. समित शर्मा ने किया पशु चिकित्सालयों का निरीक्षण

**जयपुर।** डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग ने गुरुवार को प्रातः रामपुरा डाबड़ी तथा रींगस के पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। चिकित्सालयों में पशु चिकित्सक सहित अन्य कार्मिक उपस्थित पाए गए।

डॉ शर्मा ने निरीक्षण के दौरान पाया कि पशु चिकित्सालय नियमित रूप से खुल रहा है और वहां अटेंडेस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से नियमित उपस्थिति दर्ज की जा रही है। निरीक्षण के दौरान शासन सचिव के साथ अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रवीण सेन तथा वरिष्ठ अधिकारी डॉ हेमंत पंत, डॉ पुरुषोत्तम और डॉ प्रवीण कौशिक भी उपस्थित थे। शासन सचिव ने सीकर जिले के फतेहपुर स्थित भेड़ प्रजनन फार्म का भी निरीक्षण किया। वहां पर डॉक्टर यासीन बहलिन के साथ उनका पूरा स्टाफ उपस्थित था। वहां पर सभी की उपस्थिति एएमएस एप पर दर्ज हो रही है। डॉ शर्मा ने बताया कि डॉ यासीन विकट परिस्थितियों में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें फार्म पर ही प्रशस्ति पत्र जारी किया गया। शासन सचिव ने इस दौरान राजलदेसर स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने गौशाला की समस्त गतिविधियों और प्रबंधन के विषय में जानकारी ली। वहां की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए गौशाला प्रबंध समिति को मौके पर ही प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. शर्मा शुक्रवार को बीकानेर के राष्ट्रीय ऊष्ट्र अनुसंधान संस्थान में भारत सरकार के सहयोग से ऊंटों के संरक्षण और संवर्द्धन पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेंगे। बाद में डॉ. शर्मा ने बताया कि कई संस्थाओं में उपलब्ध संसाधन और मानव श्रम का समुचित सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था में मात्र समय पर उपस्थित हो जाना ही पर्याप्त नहीं है सक्रिय होकर कार्य का संपादन करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों के ओपीडी में पशुओं की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि कुछ अस्पताल और डॉक्टर्स ऐसे भी हैं जहां पशुओं और पशुपालकों की लाइन लगती है, क्योंकि वहां डॉक्टर्स रुचि और मेहनत से काम करते हैं। हमारे सभी संस्थान और डॉक्टर्स ऐसे ही होने चाहिए जिससे विभाग की और डॉक्टर्स की पहचान बन सके। उन्होंने विभाग के निदेशक और अधिकारियों को सभी स्तर के संस्थानों के लिए मासिक नार्म्स और टारगेट तय करने का निर्देश दिया।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांक :- न.पा.नि./निर्माण/2024-25/8306 दिनांक :- 16/12/2024

**ई-बोली सूचना संख्या :- 17/2024-2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभाग के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | (कुल 3 कार्य) |
| Unique Bid Number | : | DLB2425WSOB13446, 13448, 13449 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs. 58.73 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनांक | : | दिनांक 20.12.2024 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 20.12.2024 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 30.12.2024 सायं 18.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में बोली शुल्क व धरोहर राशि दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 31.12.2024 को अपराह 15:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 01.01.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated later to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

राज.संवाद/सी/24/9322 अध्यक्ष नगर पालिका निवाई अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
वाइड रेंज के साथ बेहतरीन क्वालिटी मिलेगी
सिर्फ TRUE VALUE पे
TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
CELEBRATING
50 LAKH
HAPPY FAMILIES
CERTIFIED
376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
3 FREE SERVICES
3 फ्री सर्विस और 1 साल तक की वारंटी*
वेरिफाइड कार हिस्ट्री*
अधिक जानने के लिए स्कैन करें
पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।
JAIPUR: CHITRAKOOT MARG, SATYA COLONY, TAGORE NAGAR, JAIPUR, AURIC MOTORS: 8690988784, 7688990784 | SECTOR-35,PRATAP NAGER,TONK ROAD,JAIPUR, SANGA AUTONATION PVT LTD.: 9057809180, 7734909000, 7734901000 | PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR, VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR, PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR, KP AUTOMOTIVE: 9116190342, 9116190346 | B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL, KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR, SATNAM MOTOCORP: 7413900007, 7413900009, 7821823626 | 13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR, KTL: 7412068475, 9209056789.